वर्ष : 33 ▸ अंक : 146 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 11 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## मुंबई में 14 बच्चों की तस्करी

**80** हजार से सात लाख में बेचे गए **35** आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मायानगरी मुंबई में बाल तस्करी के बढ़ते मामले पुलिस और बच्चों के पेरेंट्स के लिए चिंता का विषय है। हालांकि मुंबई पुलिस समय-समय पर चाइल्ड ट्रैफिकिंग गैंग को पकड़ कर अगवा हुए बच्चों को उनके माता-पिता के पास पहुंचाने का काम कर रही है। क्राइम ब्रांच द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के अनुसार, इस साल अप्रैल में पकड़े गए बाल तस्करी गिरोह ने पिछले डेढ़ साल में देश भर में निसंतान दंपत्तियों को तीन बच्चियों और 11 बच्चे बेचा है।



*हालांकि पुलिस ने तस्करी किये गये 14 बच्चों में से नौ को मुंबई, ठाणे, विशाखापत्तनम, हैदराबाद और सिकंदराबाद से बचाया है तथा मामले के संबंध में 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि 5 महीने से 4 साल की उम्र के इन बच्चों को एजेंटों और डॉक्टरों के एक सुनियोजित नेटवर्क के जरिए 80 हजार से लेकर 7 लाख रुपये तक में बेचा गया है।*

## एनसीबी ने महाराष्ट्र के ठाणे में ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) मुंबई ने ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में चल रहे एक इंटरस्टेट ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। एक कार की तलाशी में कोडीन सिरप की करीब 4800 बोतलें और 75 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। मामले में 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। कार से ट्रैवल बैग, ट्रॉली बैग और बोरियों से कुल 75 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। 1.18 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गई है।

**75 कि.ग्रा. गांजा बरामद 6 गिरफ्तार**



## विदर्भ राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन



दोपहर संवाददाता । नागपुर

पुलिस ने शनिवार को विदर्भ क्षेत्र को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर यहां आयोजित विरोध मार्च के दौरान 350 लोगों को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व विधायक वामनराव चटप के नेतृत्व में विदर्भ राज्य आंदोलन समिति (वीआरएएस) के कार्यकर्ता यशवंत स्टेडियम में एकत्र हुए और विधान भवन की ओर बढ़े।

### हिरासत में लिए गए 350 लोग

*एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 350 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस मुख्यालय ले जाया गया और शाम को रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जीरो माइल स्क्वायर पर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। इससे हंगामा हुआ और कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। वीआरएएस आर्थिक और प्रशासनिक उपेक्षा का हवाला देकर लंबे समय से विदर्भ को राज्य का दर्जा दिए जाने की वकालत करता रहा है।*

# फडणवीस को जेल में डालने के लिए सुपारीबाजी

## देवेंद्र फडणवीस ने महाविकास अघाड़ी गठबंधन सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य की पिछली महाविकास अघाड़ी गठबंधन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि एमवीए की सत्ता के दौरान उन्हें और भाजपा के दूसरे नेताओं को फंसाने व जेल में डालने के लिए अधिकारियों को सुपारी दी गई थी। उन्होंने कहा, 'महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान झूठे मामले बनाकर मुझे गिरफ्तार करने की साजिश रची गई। मगर, यह गनीमत रही कि हम उस समय इनका पर्दाफाश करने में सफल रहे। इसे लेकर हमने वीडियो सबूत भी सीबीआई को सौंपे। आज तक हमारे पास इसके कई वीडियो सबूत हैं।'

### पूर्व पुलिस कमिश्नर के दावे पर दिया बयान

*देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'एमवीए शासन के दौरान कुछ अधिकारियों को मेरे, गिरीश महाजन और प्रवीण दरेकर जैसे नेताओं को जेल में डालने का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। कुछ अधिकारियों ने इसे ले भी लिया, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। ऐसा इसलिए क्योंकि उस समय कई अधिकारियों ने यह करने से इनकार कर दिया था।' डिप्टी सीएम ने मुंबई के पूर्व टॉप पुलिस ऑफिसर परमबीर सिंह के आरोप को लेकर सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने उन पर भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने के लिए दबाव डाला।*



### 'फडणवीस को बदनाम करने की रणनीति'

*भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह फडणवीस को बदनाम करने की रणनीति थी। बीजेपी ने यह सवाल भी उठाया कि एक नेता जो उस समय विपक्ष में था, वह पुलिस अधिकारी से ऐसा कैसे कह सकता है? फडणवीस और सिंह दोनों ने वरिष्ठ राकांपा नेता (शरदचंद्र पवार) की ओर से उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को अलग-अलग खारिज कर दिया। देशमुख के दावों के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने विस्तार से बताए बिना कहा, 'झूठ बोले कौवा कटे... काले कौवे से डरियो।' सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने गृह मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस अधिकारियों से बार और रेस्तराओं से हर माह 100 करोड़ रुपये वसूलने को कहा था।*

### 'झूठे मामलों में गिरफ्तार करने की साजिश'

उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'उन्होंने (परमबीर सिंह) मुझे और दूसरे भाजपा नेताओं को गिरफ्तार करने की कोशिशों पर जो कहा, वह पूरी तरह सच है। उन्होंने तो केवल एक ही घटना के बारे में बात की है। मगर, ऐसी 4 घटनाएं हैं जिनमें मुझे झूठे मामलों में गिरफ्तार करने की साजिश रची गई।' महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीते दिनों दावा किया कि फडणवीस ने परमबीर सिंह को गिरफ्तारी से बचाने की कोशिश की थी।

## टीवी सोमनाथन बनाए गए कैबिनेट सचिव



एजेंसी । नई दिल्ली

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन को शनिवार को कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया। वह राजीव गौबा की जगह लेंगे। तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी सोमनाथन वर्तमान में केंद्रीय वित्त सचिव और व्यय सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

## अजंता गुफाओं के दर्शन कराएगी भारतीय रेलवे

दोपहर संवाददाता । मुंबई

भारतीय रेलवे यहां की लाइफलाइन है। लंबी-लंबी दूरियों को आसानी से और सस्ते में तय करने में रेलवे का कोई मुकाबला नहीं। रेलवे का लगातार विकास हो रहा है और यह नए-नए इलाकों तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके मंत्रिमंडल ने कल ही यानी शुक्रवार को 8 नए रेल प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इसके साथ ही कहा गया कि इन नए रेल प्रोजेक्ट्स से अब तक रेलवे नेटवर्क से बाहर के क्षेत्रों को जोड़ने से माल ढुलाई बेहतर होगी। इसके अलावा ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क बेहतर होगा, सप्लाई चेन बेहतर होगी और आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी। नई घोषणा के साथ रेलवे अब आपको अजंता की गुफाओं के भी दर्शन कराएगी।



- जल्द रेल नेटवर्क से जुड़ेगी UNESCO हेरिटेज साइट

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में दी जानकारी

*रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में अजंता गुफाओं की नई रेल कनेक्टिविटी परियोजना के बारे में मीडिया को जानकारी दी। यह महत्वाकांक्षी पहल मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है।प्रस्तावित रेल लाइन, जो जालना से जलगाँव तक 174 किलोमीटर लंबी होगी, 7,106 करोड़ की लागत से विकसित की जाएगी, जिसमें राज्य सरकार और रेल मंत्रालय की समान भागीदारी होगी।*

## महिला ने की मासूम बेटे की गला घोंटकर हत्या, फिर खुदकुशी

दोपहर संवाददाता । पालघर

महाराष्ट्र के पालघर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 23 साल की मां ने अपनी ममता का कत्ल कर दिया। इस महिला ने अपने ढाई साल के बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर खुद भी सुसाइड कर ली। पुलिस ने ये जानकारी दी है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस ने बताया कि यह घटना आदिवासी बहुल क्षेत्र जव्हार तालुका के गदरवाड़ी गांव में हुई थी। उसने बताया कि महिला की पहचान 23 वर्षीय महिला लक्ष्मी भामरे के रूप में हुई है। जव्हार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, 'लक्ष्मी भामरे ने अपने नाबालिग बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। यह घटना दोपहर करीब तीन बजे उस दौरान हुई जब महिला का पति और ससुर खेत में गए हुए थे।' उन्होंने बताया कि अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि महिला ने यह कदम क्यों उठाया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय से शव बरामद

दोपहर संवाददाता । मुंबई



पुलिस ने दादर स्टेशन पर नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। दादर रेलवे पुलिस की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को देर रात दादर स्टेशन पर नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय में एक व्यक्ति के लटके होने की जानकारी सफाई कर्मियों ने पुलिस को दी थी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शौचालय में लटके व्यक्ति को बाहर निकाला। हालांकि तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी।

फिर लौट रहा है हिंडनबर्ग

## शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग बोला- भारत में जल्द कुछ बड़ा होने वाला है




एजेंसी । कैलिफोर्निया

अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि भारत में जल्द कुछ बड़ा होने वाला है। एक साल पहले अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन तक के आरोप लगाने के बाद अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिंडनबर्ग रिसर्च ने यह बात लिखी है। इस पोस्ट के जरिए हिंडनबर्ग ने किसी नए खुलासे के बारे में संकेत दिया है। हालांकि, उसने किसी भी कंपनी का नाम नहीं लिया है।

### पिछले साल अडाणी ग्रुप पर लगाए थे शेयर मैनिपुलेशन के आरोप

*24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट के बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि, बाद में इसमें रिकवरी आई। इस रिपोर्ट को लेकर भारतीय शेयर बाजार रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने हिंडनबर्ग को 46 पेज का कारण बताओ नोटिस भी भेजा था। 1 जुलाई 2024 को पब्लिश किए अपने एक ब्लॉग पोस्ट में हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि नोटिस में बताया गया है कि उसने नियमों उल्लंघन किया है।*

## मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता विजय कदम का निधन

### कैंसर से हारे जिंदगी की जंग



दोपहर संवाददाता । मुंबई

मराठी रंगमंच और फिल्मों के दिग्गज अभिनेता विजय कदम का शनिवार को कैंसर से जिंदगी की जंग हार गए। शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। यह जानकारी परिवार के सदस्यों ने दी। अभिनेता कदम (66) पिछले डेढ़ साल से कैंसर से जूझ रहे थे। उन्होंने रंगमंच में बाल कलाकार के तौर पर करियर शुरू किया और 1980 के दशक में हास्य अभिनेता के रूप में प्रसिद्धि हासिल की। अभिनेता विजय कदम ने पिछले दो दशकों में मंच, टेलीविजन धारावाहिकों और फिल्मों में विविध भूमिकाएं निभाई हैं। विजय कदम ने अपने अभिनय से रथचक्र, विच्छा माझी पुरी करा, तूर तूर, सही रे सही जैसे कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने इरसाल कार्टी, वासुदेव बलवंत फड़के और हलाद रुसली कुंकू हसला सहित मराठी फिल्मों में भी अभिनय किया। कदम को कुछ बॉलीवुड फिल्मों जैसे घर एक मंदिर और अफलातून में भी देखा गया था।

### मुख्यमंत्री ने बड़ी क्षति बताया

*महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कदम की स्वाभाविक अभिनय शैली, हास्य कला और मंच पर प्रस्तुति देते समय तत्काल प्रतिक्रिया देने की क्षमता की सराहना की। सीएम शिंदे ने कहा कि "महाराष्ट्र के मनोरंजन जगत को समृद्ध करने वाले इस बहुमुखी अभिनेता के निधन से मराठी रंगमंच को बड़ी क्षति हुई है।"*

## म्यांमार से भाग रहे रोहिंग्याओं पर ड्रोन हमला

एजेंसी । बैंकॉक

म्यांमार से बांग्लादेश भाग रहे रोहिंग्याओं को ड्रोन से निशाना बनाया गया है। इस हमले में दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि हमले में बचे हुए लोगों को अपने मृत और घायल रिश्तेदारों की पहचान करने के लिए शवों के ढेर के बीच भटकता हुआ देखा गया। चार प्रत्यक्षदर्शियों, कुछ कार्यकर्ताओं और एक राजनयिक ने दावा किया, यह हमला गत सोमवार को हुआ। इसमें पड़ोसी बांग्लादेश में सीमा पार करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे परिवारों पर हमला किया गया। हमले के पीड़ितों में एक गर्भवती महिला और उसकी दो साल की बेटी भी शामिल थी। यह हाल के हफ्तों में म्यांमार के सैनिकों और विद्रोहियों के बीच लड़ाई के दौरान रखाइन प्रांत में लोगों पर सबसे घातक हमला था। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में कीचड़ भरी जमीन पर शवों के ढेर बिखरे हुए दिख रहे हैं। उनके आसपास बिखरे हुए उनके सूटकेस और बैग दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, हिन्दुस्तान इन वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जीवित बचे तीन लोगों ने कहा कि 200 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि एक गवाह ने कहा कि उसने कम से कम 70 शव देखे हैं।



दर्जनों की मौत

सट्टा मटका पर बड़ा एक्शन

## मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी भरत चौधरी को किया गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महादेव सट्टा एप मामले में मुंबई की एसआईटी की टीम ने आरोपी भरत चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोपी चोधरी को सबसे पहले 23 जुलाई को दुबई से गुजरात के पाटन जिले में पहुंचने के बाद कच्छ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गुजरात पुलिस की हिरासत में रहने के बाद उसे अब मुंबई क्राइम ब्रांच ने आगे की जांच के लिए हिरासत में लिया है।

### पिछले पांच सालों से दुबई में रह रहा था चौधरी

क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक़ चौधरी पिछले पांच सालों से दुबई में रह रहा था और महादेव सट्टा एप की तरह जो दूसरे एप्स हैं उसमें अगर किसी तरह की कोई टेक्निकल प्रॉब्लम आती थी तो उसका एनालिसिस करके उसका हल निकलता था और आरोपियों को मदद करता था। चोधरी वांटेड अपराधी था, इसलिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था।



### पिछले साल ही हुआ था खुलासा

बता दें की पिछले साल ईडी ने सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की जांच की थी और इस मामले में 5।39 करोड़ कैश और 15।59 करोड़ रुपये के बैंक खातों को भी जब्त किया गया था।ईडी ने इस ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफ़ॉर्म के पैसों के लेन-देन के कनेक्शन के मामले में पूछताछ के लिए कई फेमस लोगों को और बॉलीवुड कलाकारों को भी बुलाया था।

### माटुंगा पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर

महादेव सट्टेबाजी एप मामले में कोर्ट के आदेश पर माटुंगा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद इसको मुंबई क्राइम ब्रांच ट्रांसफर कर दिया गया था। इसकी जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया था, क्राइम ब्रांच ने इस मामले में दीक्षित कोठारी और फिल्मस्टार साहिल खान को भी गिरफ्तार किया था।

# भारत में 60 फीसदी लोग रोज करते हैं प्रार्थना

## इंडोनेशिया के लोग सबसे धार्मिक, जापान में सबसे कम

## शोध फर्म ने धर्म के महत्व पर अध्ययन में दावा किया



रिपोर्ट में दावा

**नंबर गेम**

- 80% लोगों ने माना धर्म का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान
- 45 फीसदी अमेरिकियों के जीवन का हिस्सा है प्रार्थना
- 15 वर्ष तक अध्ययन किया गया सौ से ज्यादा देशों में

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में 60 फीसदी लोग अपने धर्म के अनुसार रोजाना प्रार्थना करते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर की ओर से दुनिया के सौ से अधिक देशों में धर्म के महत्व पर किए गए अध्ययन में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया के लोग सबसे अधिक जबकि जापान के लोग सबसे कम धार्मिक हैं।

### 80 फीसदी लोगों के लिए धर्म का महत्वपूर्ण स्थान

*इसी तरह दुनिया में 80 फीसदी से अधिक लोगों ने माना कि उनकी जिंदगी में धर्म का महत्वपूर्ण स्थान है। उप सहारा अफ्रीका के सेनेगल, माली, तंजानिया, जाम्बिया में 90 फीसदी से अधिक लोगों की राय में धर्म का उनके जीवन में बेहद अहम है। इससे उन्होंने अपने रोजमर्रा के जीवन में कई बदलाव महसूस किए हैं। इसके उलट सर्वेक्षण में शामिल लगभग सभी यूरोपीय देशों में लोगों ने धर्म को ज्यादा अहमियत नहीं दी। एस्टोनिया, चेक गणराज्य, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, स्वीडन, लातविया और फिनलैंड में 10 फीसदी या इससे भी कम वयस्कों ने इस बात को स्वीकार किया।*

### सबसे अधिक लैटिन अमेरिकियों ने प्रतिदिन प्रार्थना करने की बात कही

*वर्ष 2008 से 2023 के बीच किए गए अध्ययन के अनुसार, सबसे अधिक लैटिन अमेरिकियों ने प्रतिदिन प्रार्थना करने की बात कही। ग्वाटेमाला और पैराग्वे में 82 फीसदी जबकि कोस्टा रिका और होंडुरास में 78 प्रतिशत ने यह बात मानी। अमेरिका के 45 फीसदी व्यस्कों ने कहा कि नियमित प्रार्थना करते हैं। सर्वेक्षण में शामिल पूर्वी एशियाई देशों (जापान, चीन, मंगोलिया, उत्तर एवं दक्षिण कोरिया और ताइवान) के महज 21 फीसदी वयस्कों ने कहा कि वे रोजाना प्रार्थना करते हैं। इसमें हांगकांग के 13 फीसदी जबकि जापान के 19 फीसदी लोग शामिल हैं।*

### भारतीय खान-पान को लेकर ज्यादा सतर्क

भारत में करीब 30 हजार वयस्कों से धर्म से संबंधित आहार विकल्पों के बारे में पूछा गया। सर्वे में पाया गया कि खाने-पीने को लेकर यहां के लोग ज्यादा सतर्क हैं। 67 फीसदी जैन समुदाय के लोग जड़ वाली सब्जियां खाने से परहेज करते हैं। 50 फीसदी लोगों ने ही कहा कि वे कभी किसी ऐसे व्यक्ति के घर खाना खाएंगे जिनके धर्म में भोजन के बारे में अलग नियम हैं।

### पूर्वजों के लिए अनुष्ठान भी महत्वपूर्ण

सर्वेक्षण में पाया गया कि जहां कुछ पूर्वी एशियाई लोग धर्म को अपने जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं या दैनिक प्रार्थना करते हैं, वहीं पूरे एशिया क्षेत्र में अधिकांश लोग आध्यात्मिक विश्वास रखते हैं और पारंपरिक अनुष्ठान करते हैं। उदाहरण के लिए पूर्वी एशिया में लोग अपने पूर्वजों के सम्मान में अनुष्ठान आयोजित करते हैं।

दो बजे दोपहर
मुंबई आसपास

# 'पुलिस बिचौलिये' के खिलाफ मामला दर्ज

## 21 लाख की रिश्वत मांगने का है मामला

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 21 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ मामले में पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया था और आरोपी ने उससे रिश्वत की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी कपिल चांगरानी ने दो पुलिसकर्मियों के कथित बिचौलिये के तौर पर रिश्वत मांगने का काम किया।



### प्राथमिकी दर्ज

मुंबई के सायन पुलिस थाने में शुक्रवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। एसीबी (पालघर) के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने एक विज्ञप्ति में कहा, "यह मामला जुलाई में नवी मुंबई पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स प्रकोष्ठ द्वारा की गई छापेमारी से जुड़ा है, जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से मादक पदार्थ बरामद किया गया था।"

### एसीबी कर रही है मामले की जांच

अधिकारी ने बताया कि चांगरानी ने इसके बाद दो पुलिसकर्मियों के 'बिचौलिये' के तौर पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया और मामले को निपटाने के लिए उससे 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। उन्होंने बताया कि बाद में चांगरानी ने रिश्वत की राशि घटाकर 21 लाख रुपये कर दी। पीड़ित द्वारा एसीबी से शिकायत करने के बाद एजेंसी ने मामले की जांच की और फिर चांगरानी के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीबी मामले की जांच कर रही है।

# 17 साल की युवती से पड़ोसी 5 साल तक करता रहा दुष्कर्म

## नवी मुंबई पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

17 वर्षीय पड़ोसी के साथ कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एपीएमसी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

### 2020 से कर रहा था दुष्कर्म



अधिकारी ने बताया कि वाशी के कोपरी गांव में स्थित बिल्डिंग में आरोपी और लड़की रहते थे। आरोपी ने कथित तौर पर 2020 से अपने घर पर कई मौकों पर लड़की के साथ दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि लड़की तीन महीने की गर्भवती पाई गई और उसे एक नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि इसी साल मई में पुलिस ने 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उस पर अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने का आरोप था। पुलिस ने बताया कि आरोपी फेरीवाला एक हिस्ट्रीशीटर है और उसे पहले भी दुष्कर्म और चोरी के मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मोबाइल वापस मांगने पर चाकू से हमला

## चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर में एक 32 वर्षीय व्यक्ति द्वारा अपने ने परिचित को अपना मोबाइल देकर वापस मांगना तब मंहगा पड़ गया जब परिचित ने इससे नाराज होकर अपने तीन साथियों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया।



### क्या है मामला ?

उल्हासनगर-5 के इंदिरानगर परिसर में रहनेवाले चंद्रहास श्रीराम मौर्य (32) एक जींस फैक्ट्री में दर्जी का काम करता है। चंद्रहास ने अपना मोबाइल फोन वीरेंद्र नामक व्यक्ति को इस्तेमाल करने के लिए दिया था। इसके बाद उसने वीरेंद्र से अपना फोन वापस लाने को कहा. शुक्रवार की रात करीब 10 बजे चंद्रहास घर के सामने खड़ा था तभी वीरेंद्र और उसके तीन साथी वहां आ धमके। इस बार जब चंद्रहास ने दोबारा मोबाइल की बात उठाई तो गुस्साए वीरेंद्र ने धमकी देते हुए कहा कि मैं तुम्हारा मोबाइल वापस नहीं करूंगा, जो करना है कर लो। इसके बाद वीरेंद्र और उसके साथियों ने चंद्रहास के साथ गाली-गलौज की और मारपीट की. बाद में वीरेंद्र ने चंद्रहास पर चाकू हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

### हिललाइन थाने में शिकायत दर्ज

चंद्रहास द्वारा इस की शिकायत हिललाइन थाने में शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र और उसके 3 अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया .फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियो की तलाश कर रही है. हिललाइन पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

# फर्जी वोटर रोकने में चुनाव आयोग विफल: राजन विचारे

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



लोकसभा में हार के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की पार्टी के पूर्व सांसद और पराजित उम्मीदवार राजन विचारे ने अपनी हार के कारणों पर बताया कि जब जनता की राय सामने आई थी जाना , कि सत्ता पक्ष में अवैध रूप से धनबल और शक्ति लोकतंत्र को कुचलने में लगा दी । पराजित प्रत्याशी विचारे ने ठाणे के कलेक्टर और सभी चुनाव अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक में कहा कि सत्ता पक्ष ने अपने करीबी लोगों को नियुक्त करने के लिए धन और शक्ति का इस्तेमाल किया था। ठाणे के पूर्व सांसद राजन विचारे ने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग बार-बार कहता है कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता से भरपूर है लेकिन पारदर्शिता की कमी के कारण ठाणे के पूर्व लोकसभा सांसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त दिल्ली, मुख्य चुनाव अधिकारी महाराष्ट्र राज्य और चुनाव रिटर्निंग अधिकारी ठाणे कलेक्टर को दिनांक 18/ को पत्र लिखा। 07/2024 एवं 19/07/2024 पत्रांक 2024 के माध्यम से लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में अपारदर्शिता के संबंध में पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक लिखित उत्तर नहीं मिलने के कारण शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने फिर मांग की है कि चुनाव के संबंध में अनुस्मारक पत्र जारी कर पत्र में उल्लेखित तथ्य का खुलासा किया जाये।

# हाफ मर्डर का आरोपी मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी कोनगांव पुलिस ने हाफ मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार करने में उस समय सफ़लता मिली जब आरोपी अपने मूलगांव मध्य प्रदेश भागने के प्रयास में था।



### मितेश पुजारी को जान से मारने के उद्देश से हमला

कोनगांव पुलिस स्टेशन में आयोजित पत्रकार परिषद में सीनियर पीआई अतुल अडुरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की रात रांजणोली नाका स्थित पारो आर्केस्ट्रा बार में हुए झगड़े को लेकर राजा नामक व्यक्ति ने मितेश पुजारी को जान से मारने के उद्देश से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस प्रकरण में कोनगांव पुलिस ने गुनाह रजिस्टर नंबर 804/2024 में बीएनएस की धारा 109,352(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। लेकिन आरोपी का कोई सुराग न होने के कारण उसे पकड़ना पुलिस के लिए किसी चुनौती बन गया था।

# तेज रफ्तार एसयूवी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, एक व्यक्ति की मौत

**दोपहर संवाददाता | पालघर**




महाराष्ट्र के पालघर जिले में तेज रफ्तार स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे 29 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एसयूवी चालक सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार अपराह्न दो बजकर 30 मिनट पर मनोर में हुई जब मोटरसाइकिल सवार सागर पाटिल को तेज रफ्तार एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया। अधिकारी ने बताया कि पाटिल को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# डाइंग कंपनी से 1 लाख के कपड़े की ताखे की चोरी

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

शहर के धामणकर नाका परिसर के न्यु गौरीपाडा में संचालित मित्तल डाइंग मे अज्ञात चोरों ने मध्यरात्रि के दौरान प्रवेश कर कलर के लिए रखे गये 29 कपड़े के ताखे चोरी कर लिया है। इसकी बाजार कीमत 1 लाख 4, रूपये है।




पुलिस अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दिया है।

### भोईवाडा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

पुलिस के मुताबिक, धामनकर नाका इलाके में स्थित मित्तल डाइंग कंपनी ने अज्ञात व्यक्ति प्रवेश किया और कंपनी में रखे 29 कपड़े के ताखे चोरी कर लिया है। सुबह की जानकारी मिलने पर कंपनी के मैनेजर कंपनी के मैनेजर रामप्रसाद शाह ने इसकी शिकायत भोईवाडा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक वाय.एम.गायकर कर रहे हैं।

# उल्हासनगर में भव्य तिरंगा यात्रा

## तिजारी उत्सव और रक्षाबंधन कार्यक्रम जोर-शोर से मनाने की तैयारी शुरू

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

आनेवाले समय मे प्रमुख त्यौहार रक्षा बंधन व सिंधी उत्सव का तिजारी सहित 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा प्रमुखता से मनाने के लिए शहर के विधायक कुमार आयलानी द्वारा सीनियर सिटीजन ग्रुप के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियो के साथ विधायक कार्यालय में शनिवार को मीटिंग सम्पन्न हुई। विधायक कुमार आयलानी की पहल पर आने वाले दिनों में भव्य तिरंगा यात्रा, सिंधी उत्सव तिजिरी और रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने के उद्देश्य से विधायक कुमार आयलानी की उल्हासनगर शहर के वरिष्ठ नागरिक क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक शनिवार को विधायक कार्यालय में संपन्न हुई।



### विभिन्न जिम्मेदारियों की भी रूपरेखा बनाई गई

इस बैठक में सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई सुझाव दिये. इन आयोजनों के महत्व पर जोर देते हुए विधायक आयलानी ने कहा कि ये आयोजन न केवल शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे बल्कि स्थानीय समुदाय और सांस्कृतिक समारोहों को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में विभिन्न जिम्मेदारियों की भी रूपरेखा बनाई गई और पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

# केस दर्ज करने का भय दिखाकर महिला से 2.5 लाख की ठगी

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी शहर में ऑनलाइन लाइन चीटिंग घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। तीन अलग अलग नंबर से कॉल कर एक महिला को केस दर्ज करने का भय दिखाकर ढाई लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी किए जाने की वारदात प्रकाश में आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात फोनकर्ता ठगों पर चीटिंग का केस दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दिया है।



### शांतिनगर पुलिस में मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार, स्थानीय टेमघर पाड़ा परिसर में स्थित सिद्धि विनायक प्लाजा में रहने वाली एक गृहणी महिला को अज्ञात व्यक्ति ने तीन अलग अलग मोबाइल फोन नंबरो से फोन कर कहा की आप के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।इससे छुटकारा मिल सकता है और महिला को विश्वास में लेकर उससे ऑनलाइन पद्धति से ढाई लाख रूपये बैक खाते में हस्तांतरण करवाकर ठगी कर ली है।

# कुत्ते को पत्थर मारने पर हो गई पिटाई

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के निजामपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत संगम पाड़ा इलाके में एक व्यक्ति को भौंकने वाले कुत्ते को पत्थर मारना भारी पड़ गया। इसे लेकर एक दंपती ने उस की पिटाई कर दी है।



### निजामपुरा पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस के अनुसार, संगम पाड़ा स्थित मदरसा के पास रहने वाले राजेश भाग मालिक सोमवार की सुबह 4 बजे मदरसा के पास पानी भरने के लिए गए थे, जहां उन्हें देख कर एक कुत्ता भौंकने लगा। इसके बाद कुत्ते को भगाने के लिए राजेश मालिक ने पास पड़ा पत्थर उठा कर कुत्ते को मार दिया। लेकिन उस के बाद ही वहां मौजूद एक पति-पत्नी ने राजेश मालिक की पिटाई कर दी। इस प्रकरण में निजामपुरा पुलिस ने राजेश मालिक की शिकायत पर सिराज सलीम शेख 45 व उस की पत्नी शमा सिराज शेख के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1), 351, 352(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

# जर्नी ऑफ़ सिंधी, कार्यक्रम मुंबई में संपन्न

## सिंध, सिंधी सिन्धियत कार्यक्रम में देश विदेश से लोग शामिल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई/उल्हासनगर**

जर्नी ऑफ़ सिंध कार्यक्रम मुंबई के बांद्रा गंधर्व सभाग्रह में बड़ी धूमधाम के साथ में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद दिल्ली व फेडरेशन ऑफ वर्ल्ड सिंधी एसोसिएशन के द्वारा किया गया था। जर्नी ऑफ़ सिंध, सिंध, सिंधी सिंधियात कार्यक्रम का भव्य आयोजन डॉक्टर राम जव्हारानी के नेतृत्व में सफल हुआ। इस कार्यक्रम में सिंध से लेकर हिन्द तक के यात्रा को बहुत ही बेहतरीन तरीके से बताया गया और सिंधी समुदाय ने कैसे दुखों को झेलते हुए आज शिखर तक पहुंचे हैं यह अपने आप में काबिले तारीफ है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के वाइस चेयरमैन मोहनलाल मघनानी, डायरेक्टर रवि प्रकाश टेकचांदनी, डॉ राम जव्हारानी, दुबई से सतीश राय सिंघानी, भोपाल से विधायक भगवान दास सेनानी, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लदाराम नागवानी, महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी खास तौर पर उपस्थित थे।








### कार्यक्रम में जर्नी ऑफ सिंध की कहानी प्रदर्शित की गई

इस मौके पर अमर शहीद संत कंवरराम साहिब के गादीसीन संत साई राजेश लाल साहब कंवर का भाव सत्कार भी किया गया। इस कार्यक्रम में जर्नी ऑफ सिंध, सिंध, सिंधी, सिंधियात से लेकर विभाजन तक की कथा को बहुत ही बढ़िया तरीके से प्रदर्शित करके दिखाया गया। इस कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभी लोग भावुक हो गए। कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी ने स्वयं प्रकट किया और लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि सिंधी भाषा संस्कृति व सभ्यता का आजीवन वह प्रचार प्रसार करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में सिंधी भाषा संस्कृति और सभ्यता के बारे में भी बताया गया जिससे लोगों के बीच मै जन जागृति पैदा हो और लोग सिंधी भाषा संस्कृति और सभ्यता को सभी को बताएं।



दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** दूसरों की गहराई के साथ मत खेलो : फ्रेडरिक लुडविग

न्यूज़ ब्रीफ

## शिवसेना सांसद अरविंद सावंत का फर्जी पीए गिरफ्तार




### बड़े मियां होटल के मालिक से लाखों की ठगी

**मुंबई।** शिवसेना सांसद अरविंद सावंत का सेक्रेटरी बताने वाले सूरज कलाव (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सूरज ने मुंबई के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट 'बड़े मियां' में दो लाख रुपए का खाने का ऑर्डर दिया था और मालिक की बेटी के कॉलेज एडमिशन के नाम पर 11 लाख 27 हजार रुपये की ठगी की थी।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय मोहिते बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी ने धोखाधड़ी के पैसे से गूगल-पे के माध्यम से अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और गर्लफ्रेंड के साथ वित्तीय लेनदेन किया है। होटल मालिक जमाल शेख द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, सूरज ने उन्हें 2 जुलाई की रात को फोन किया जब सम्मेलन चल रहा था। उसने खुद को सांसद सावंत का पीए बताया और 200 लोगों के लिए खाना मंगाया था। शुरुआत में पैसा समय पर दिया जाता था। इसके लिए उस दिन उसने कहा कि खाने के पैसे (दो लाख) का भुगतान सम्मेलन के बाद करेंगे। इसके बाद सूरज ने शेख की बेटी को सरकारी लॉ कॉलेज में दाखिला दिलाने का लालच दिया और उससे 9 लाख 27 हजार रुपये ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार, सूरज के पास अपना बैंक खाता नहीं है। जांच में पता चला कि उसने जो भी वित्तीय लेनदेन किया था, वह दोस्तों, गर्लफ्रेंड और रिश्तेदारों के खातों पर किया था।

वर्ली बीएमडब्लू कार केस

# पुलिस की बढ़ी मुश्किलें

## आरोपी के ब्लड-यूरिन सैंपल में नहीं मिले शराब के सबूत

- **आरोपी को घटना के करीब 58 घंटे बाद गिरफ्तार किया गया था**
- **फॉरेंसिक रिपोर्ट के लिए सैंपल घटना के तीन दिन बाद लिए गए थे**

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के वर्ली में बीएमडब्लू कार से कपल को टक्कर मारने वाले 23 वर्षीय आरोपी मिहिर शाह की फॉरेंसिक रिपोर्ट सामने आई है। इस जांच रिपोर्ट के मुताबिक मिहिर के ब्लड और यूरिन में शराब के कोई सैंपल नहीं मिले हैं। यह रिपोर्ट पुलिस के उस दावे को खारिज करती है, जिसमें कहा गया था कि हादसे के समय मिहिर ने शराब पी रखी थी।



### गिरफ्तारी के तीन दिन बाद लिए गए सैंपल

सूत्रों के मुताबिक इस फॉरेंसिक रिपोर्ट के लिए सैंपल घटना के तीन दिन बाद लिए गए थे। जबकि शराब पीने के 24 घंटे के भीतर यदि सैंपल ले लिए जाते हैं तब ही खून में अल्कोहल की मौजूदगी का पता चल सकता है।

### सात जुलाई की सुबह कार की हुई थी टक्कर

बता दें कि सात जुलाई को ये घटना घटी थी। शनिवार देर रात मिहिर शाह जुहू स्थित एक बार में अपने दोस्तों के साथ पार्टी करके निकला था, और तेज गति से गाड़ी चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी थी। बाइक पर मछुआरे दंपती कावेरी नखवा (45) एवं प्रदीप नखवा सवार थे। इस दुर्घटना में कावेरी नखवा की मौके पर ही मौत हो गई थी, और प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### आरोपी मिहिर शाह ने कबूला जुर्म

पुलिस ने बताया कि शाह को घटना के करीब 58 घंटे बाद गिरफ्तार किया गया था और यह अंतराल उसके शरीर से शराब को बाहर निकालने के लिए काफी था। गिरफ्तारी के बाद उसके खून और पेशाब के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे। रिपोर्ट कल वर्ली पुलिस को मिली। मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने पुलिस के सामने कबूला है कि दुर्घटना के समय वह कार चला रहा था। मृतक महिला के पति ने कहा था कि हम गरीब हैं। हमारा साथ देने वाला कौन है। आज उसे जेल भेज दिया जाएगा। कल उसे अदालत में पेश किया जाएगा और फिर उसे जमानत मिल जाएगी।



# नितेश ने मनोज जरांगे को बताया आधुनिक मोहम्मद अली जिन्ना



## मुस्लिम आरक्षण के लिए लड़ने का लगाया आरोप

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल के खिलाफ बीजेपी सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और उनके विधायक पुत्र नितेश राणे ने अब खुल कर लड़ाई छेड़ दी है। जरांगे के मराठवाडा में जाकर सबक सिखाने का ऐलान कर चुके नारायण राणे ने शुक्रवार को अपने मराठवाडा दोरे का कार्यक्रम घोषित किया तो वहीं अब नितेश ने जरांगे की तमाम चेतावनियों को ठेंगा दिखाते हुए उन्हें आधुनिक युग का जिन्ना बता दिया है। नितेश राणे ने यह भी कहा कि नारायण राणे को मराठा आरक्षण मिल गया जबकि मनोज जरांगे गोधूलि में थे। नितेश का आरोप है कि मराठों के लिए आरक्षण की बात करनेवाले जरांगे मराठों के कंधों पर बंदूक रखकर मुसलमानों के आरक्षण की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके आंदोलन से मुसलमानों को ज्यादा लाभ हुआ है। इसलिए अब उनकी दाढ़ी को देखकर शक होने लगा है कि वे सचमुच मराठा हैं या आधुनिक मोहम्मद अली जिन्ना? पत्रकारों के समक्ष ऐसा तंज कसते हुए नितेश ने कहा कि मराठा समाज में भी लोग ऐसा सवाल उठाने लगे हैं कि हमारे समाज में आधुनिक मुहम्मद अली जिन्ना तो नहीं आ गया ना? उन्होंने आगे कहा कि जब जरांगे बच्चे थे तब नारायण राणे मे मराठा समाज को आरक्षण दिलाया। नारायण राणे और प्रवीण दरेकर सच कह रहे थे कि जरांगे मराठा समाज को जागरूक कर रहे हैं।

### उद्धव पर भी साधा निशाना

इस दौरान नितेश ने कहा कि मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह, महाविकास आघाड़ी का पर्दाफाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमबीर सिंह ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलकर चुनौती देते हुए कहा कि वह नार्को टेस्ट के लिए तैयार हैं। इस दौरान सिंह ने कई गुप्त धमाके भी किए। सिंह ने कल बताया कि एमवीए के दौरान वसूली कैसे की जाती थी। इसके साथ उन्होंने उद्धव अनिल देशमुख, संजय राऊत को ललकारते हुए कहा कि यदि आप सच में मर्द हैं तो परमबीर सिंह के साथ नार्को टेस्ट कराएं।

### उद्धव को ब्लैकमेल करेंगे एमवीए के नेता


नितेश ने कहा कि एमवीए के नेता उस समय क्या कर रहे थे, यह 90 फीसदी सामने आ गया तो क्या करेंगे? दिशा सालियान और सुशांत सिंह की हत्या के दौरान परमवीर सिंह कमिश्नर थे। उन्हें सब पता है कि तब क्या हुआ था। उस घटना से जुड़े फुटेज एमवीए के जिस नेता के पास है, वह उस फुटेज का इस्तेमाल उद्धव को ब्लैकमेल करने के लिए कर सकता है।

# 'वक्फ बोर्ड की जमीन हथियाने की साजिश'

## शरद पवार गुट के नेता ने केंद्र पर बोला हमला

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मोदी सरकार संसद में वक्फ बोर्ड बिल लेकर आई है। इस बिल का कांग्रेस समेत नौ पार्टियों ने विरोध किया है और इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की मांग की है। महाराष्ट्र की सियासत में वक्फ बोर्ड का मुद्दा गूंजने लगा है। एनसीपी (शरद पवार) ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों की जमीन हड़पने की साजिश रच रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि केंद्र सरकार पहले से ही अल्पसंख्यकों के विरोध में है, इसलिए वह ने संसद में वक्फ बोर्ड के लिए बिल लेकर आई है, ताकि वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा कर सके।उन्होंने कहा किकेंद्र सरकार गोलवलकर के आदेश पर चल रही है, जिस तरीके से गोवलकर ने अपने किताब में लिखा है कि मुसलमान और क्रिश्चियन समाज के सारे अधिकार छीन लिए जाने चाहिए। आज उसी तरीके से केंद्र सरकार फिर एक बार यह बिल लाकर साबित करना चाहती है कि वह मुसलमान और क्रिश्चियन कम्युनिटी की जो जमीन है, उन्हे अपने कब्जे में लेना चाहती है। उन्होंने कहा किकेंद्र सरकार



द्वारा वक्फ बोर्ड की जमीन हथियाने के लिए नया बिल लाया गया है, उसमें यह बताया गया है कि केंद्र सरकार की जमीन का अधिकार जिला अधिकारी कलेक्टर दे रहे हैं और कलेक्टर आदेश देगा कि वक्फ बोर्ड की जमीन किसको और कौन सी देनी है। उन्होंने कहा किवक्फ बोर्ड का बिल इसलिए लाया गया ताकि केंद्र सरकार न सिर्फ मुसलमानो की जमीन को हथिया ले । वह क्रिश्चियन कम्युनिटी की जमीन को भी हथियाने चाह रही है। इसके अलावा दलित समाजों के लिए जो आरक्षित जमीन है, उसको भी केंद्र सरकार हथियाना चाहती है।

### राज ठाकरे पर कही ये बात

उन्होंने कहा किदेश में कहीं पर भी कोई भी पार्टी का नेता हो जब-तक वह शरद पवार के ऊपर आरोप नहीं लगाता है, तब-तक उसका राजनीतिक जीवन यह सफल नहीं होता है। ठीक उसी तरह राज ठाकरे ने भी शरद पवार के ऊपर जो आरोप लगाए हैं, यह सिर्फ एक दिखावा था और कुछ नहीं।

# क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा देकर ठगी

- **चार आरोपी हुए गिरफ्तार**



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह में कथित तौर पर शामिल चार लोगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फोन पर संपर्क करते थे और उसने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा देते थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपी साजिद खान (22), समीर खान (24), परवेज खान (25) और नदीम चौधरी (21) को हाल ही में दिल्ली के महरौली इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

### शिकायत दर्ज होने के बाद खुलासा

पुलिस ने बताया कि मई को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों में से एक ने बैंक अधिकारी बनकर उससे फोन पर संपर्क किया और उसके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा दिया। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता से एक वेबसाइट पर बैंक विवरण भरने को कहा गया और विवरण का उपयोग करके आरोपी ने उसके मोबाइल फोन तक पहुंच बनाई तथा उसके खाते से 91,000 रुपए निकाल लिए। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मिली जानकारी के अनुसार कालाचौकी पुलिस के साइबर और अपराध जांच दस्ते ने अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन के कॉल रिकॉर्ड और बैंक लेनदेन ब्योरे का विश्लेषण किया तथा बैंक से संपर्क कर उस एटीएम का पता लगाया जहां से आरोपियों ने पैसे निकाले थे। अधिकारी ने बताया कि साजिद का छतरपुर में स्थानीय पुलिस की मदद से पता लगाया गया और उसे पकड़ लिया गया, जिसके बाद अन्य को भी गिरफ्तार किया गया।


### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर जांच के बाद आरोपी साजिद खान (22), समीर खान (24), परवेज खान (25) और नदीम चौधरी (21) को हाल ही में दिल्ली के महरौली इलाके से गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# बच्चू कडू ने शरद पवार से की मुलाकात

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की के मद्देनजर सभी पार्टीयों ने अपनी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच, खबर है कि महायुति गठबंधन में शामिल प्रहार जनशक्ती पार्टी के प्रमुख बच्चू कडू ने एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की है। इस मुलाकात की तस्वीर सामने आते ही महाराष्ट्र में सियासी पारा हाई हो गया है। बच्चू कडू ने पुणे के मोदी बाग स्थित शरद पवार के आवास पर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीर शरद पवार ने खुद अपने आधिकारिक एक्स पर की है।



### बच्चू कडू की मांगें

बच्चू कडू ने सरकार के सामने मांग रखी है कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को तुरंत लागू करें, प्याज की गारंटी पर नाफेड का हस्तक्षेप रोकने, निर्यात प्रतिबंध की अलग नीति बनाने, किसानों की ऋण माफी, अलग घरकुल योजना, अलग स्टॉल नीति का निर्माण, सामाजिक सुरक्षा वजीफा की मांग शामिल है।

### महायुति के कामकाज से खुश नहीं

इससे पहले बीते दिन बच्चू कडू ने अपनी मांगों को लेकर महायुति सरकार को अल्टीमेटम दिया था। बच्चू कडू ने कहा था कि वह महायुति के कामकाज से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगों को स्विकार करे नहीं तो वह अपने क्षेत्र तलाश करेंगे। ऐसा कहने से अगले ही दिन उन्होंने शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे है कि बच्चू कडू महाविकास अघाड़ी में शामिल हो सकते हैं।

# मध्य रेलवे पर आज रहेगा मेगा ब्लॉक



**मुंबई।** मध्य रेलवे पर रविवार को सुबह 11:05 बजे से दोपहर 3:55 बजे तक माटुंगा और मुलुंड के बीच अप और डाउन धीमी लाइन पर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और चूनाभट्टी के बीच, बांद्रा स्टेशनों पर सुबह 11:10 बजे से शाम 4:10 बजे तक अप हार्बर लाइन पर और रविवार को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए डाउन हार्बर मार्ग पर सुबह 11:40 बजे से शाम 4:40 बजे तक मेगा ब्लॉक लगाया गया है। डाउन हार्बर रूट की सेवाएं सीएसएमटी से सुबह 11:16 बजे से शाम 4:47 बजे तक वाशी, बेलापुर, पनवेल के लिए और सीएसएमटी से सुबह 10:48 बजे से शाम 5 बजे तक प्रस्थान करती हैं। बांद्रा-गोरेगांव से डाउन हार्बर मार्ग शाम 4:43 बजे तक रद्द रहेगा।

# एमवीए में सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू

- **नतीजों के बाद मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होगी: कांग्रेस**

**मुंबई।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी, हालांकि सहयोगी दलों ने सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने इस सप्ताह की शुरुआत में दावा किया था कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दिल्ली के दौरे में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) मुख्य घटक हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' में भाजपा, शिवसेना और राकांपा शामिल हैं। महाराष्ट्र के कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्नीतला ने कहा कि एमवीए राज्य का आगामी चुनाव एकजुट होकर लड़ेगा।



### हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे: चेन्नीतला

मध्य महाराष्ट्र के लातूर, बीड और धाराशिव जिलों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद चेन्नीतला ने संवाददाताओं से कहा, ''सीटों के बंटवारे पर प्रारंभिक बातचीत शुरू हो गई है और हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।'' मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा, इस बारे में पूछे जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र के स्वाभिमान को बचाना उनकी प्राथमिकता है।

# शरद पवार व उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में घोल रहे जहर

## राज ठाकरे ने जाति की राजनीति करने का लगाया आरोप

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई/छत्रपति संभाजीनगरः महाराष्ट्र में मराठा आंदोलनकारी बार-बार राज ठाकरे को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि राज ठाकरे ने इन सब के लिए पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व राकांपा नेता शरद पवार को जिम्मेदार ठहराया है। राज का आरोप है कि मनोज जरांगे की आड़ में उद्धव और पवार अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश कर रहे हैं। अगले तीन महीनों में दोनों मराठवाड़ा में दंगा करा सकते हैं। शनिवार को ऐसा सनसनीखेज आरोप लगाते हुए उन्होंने शनिवार को सख्त चेतावनी देते हुए उद्धव और पवार से कहा कि यदि वे मुझसे बैर मोल लेंगे तो वे विधानसभा चुनाव में उनकी एक भी सभा नहीं होने दूंगा। राज ठाकरे ने आरोप लगाया कि शरद पवार की राजनीति जातियों के बीच नफरत पैदा करने की है और इसकी शुरुआत एनसीपी की स्थापना से ही हो गई थी।



### 'महाराष्ट्र में आरक्षण की जरूरत नहीं '

महाराष्ट्र में आरक्षण की जरूरत नहीं है, ऐसे बयान के कारण 'महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना' के अध्यक्ष राज ठाकरे, ओबीसी कोटे से मराठा समाज के लिए आरक्षण की मांग कर रहे आंदोलनकारियों के निशाने पर आ गए हैं। बीड में दौरे के दौरान मराठा प्रदर्शनकारियों और उद्धव ठाकरे के पदाधिकारियों ने राज ठाकरे की कार पर सुपारी फेंकी और नारे लगाए। इस सब पर राज ठाकरे ने शनिवार को छत्रपति संभाजीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इसके लिए उद्धव ठाकरे और शरद पवार को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। मनसे प्रमुख राज ठाकरे कहा कि मेरी पूरी यात्रा के दौरान जरांगे पाटिल का मुझसे कोई लेना-देना नहीं था। लेकिन महाराष्ट्र में जाति की राजनीति भड़काई जा रही है। पवार-उद्धव उनके पीछे राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शरद पवार व उद्धव ठाकरे जाति की राजनीति कर महाराष्ट्र में जहर घोलने के कुछ लोग जानबूझकर ऐसा प्रचार कर रहे हैं कि मैं मराठा आरक्षण के खिलाफ हूं

### 'मोदी ने आरक्षण क्यों नहीं मांगा'

राज ठाकरे ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब बारामती आए थे तो उन्होंने कहा था कि वह शरद पवार की उंगली पकड़कर राजनीति में आए हैं। मोदी पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री हैं। इसके बावजूद पवार ने उनसे मराठा समाज के लिए आरक्षण की मांग क्यों नहीं की? इसी तरह उद्धव 5 वर्षों तक मोदी के साथ सत्ता में रहे। उन्होंने मराठा आरक्षण की मांग क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि पवार और उद्धव जातियों में नफरत फैलाकर राजनीति करना चाहते हैं। मराठा व ओबीसी सहित अन्य समाज को उनके झांसे में नहीं आना चाहिए।

संपादकीय

# यूनुस से उम्मीदें

शेख हसीना के नाटकीय ढंग से बांग्लादेश छोड़ने के बाद अराजकता व हिंसा का जो तांडव चलता रहा है, उसके बीच अंतरिम सरकार के मुखिया की जिम्मेदारी नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को मिलना नई उम्मीदें जगाता है। यह आने वाला वक्त बताएगा कि 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस निर्विवाद लोकप्रियता के बावजूद अराजक बांग्लादेश को कितनी जल्दी सामान्य बना पाते हैं। निश्चित रूप से उथल-पुथल से गुजरते देश में स्थिरता लाना एक कठिन चुनौती होगी। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि विश्वविख्यात अर्थशास्त्री और गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले यूनुस मौजूदा हालात में एक बेहद विश्वसनीय विकल्प के रूप में सामने आए हैं। यहां तक कि हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलनरत छात्र नेताओं ने ही उनके नाम की सिफारिश इस जिम्मेदारी के लिये की थी। यह अच्छी बात है कि उन्होंने कहा कि देश मे हिंसा व अशांति रहने से यह दूसरी आजादी निरर्थक साबित हो सकती है। वहीं उन्होंने भारत से बेहतर रिश्तों की भी जरूरत बतायी है। साथ ही उन्होंने आंदोलनकारियों को लगातार जारी हिंसा के क्षेत्रीय प्रभावों को लेकर भी चेताया है। जाहिर है यूनुस की प्राथमिकता तात्कालिक रूप से सामान्य स्थिति की बहाली, कानून और व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने तथा कमजोर व अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा तय करना होगी। बांग्लादेश तथा विश्व में मिले सम्मान व विश्वास से अर्जित अधिकार का वे कितने प्रभावशाली ढंग से उपयोग अराजकता समाप्त करने में कर पाते हैं, इसी बात पर उनकी सफलता निर्भर करेगी। निस्संदेह, बांग्लादेश में निरंकुश शासन से उपजे असंतोष ने सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। अब यूनुस जैसे प्रगतिशाली व उदार व्यक्ति के हाथ में कमोबेश सत्ता की बागडोर आना निश्चित रूप से भारत के भी हित में होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत सरकार भी इस रचनात्मक परिवर्तन के प्रति सकारात्मक रुख दिखाएगी। जाहिर है आने वाले दिनों में उनका नेतृत्व ही तय कर सकेगा कि बांग्लादेश कट्टरपंथियों व सेना के चंगुल से मुक्त होकर एक नई शुरुआत की ओर बढ़ सकेगा। निश्चित रूप से एक कार्यवाहक सरकार के मुखिया के रूप में यूनुस से बांग्लादेश के लोकतांत्रिक संस्थानों में सुधार, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की आकांक्षा को पूरा करने, नेताओं को जवाबदेह बनाने, प्रतिशोध की राजनीति की समाप्ति, सेना व चरमपंथियों की निरंकुशता पर अंकुश लगाने की उम्मीद की जा रही है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि हसीना सरकार के कार्यकाल में यूनुस को राजनीतिक प्रतिशोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने सौ से अधिक मुकदमों का सामना किया। यही वजह है कि उन्हें आंदोलनकारियों ने मार्गदर्शक बनाने पर जोर दिया था। बहरहाल, फिलहाल, भारत की गंभीर चिंताएं अपने नागरिकों व बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं हैं। बल्कि यह भी हकीकत है कि बांग्लादेश में लंबे समय तक अस्थिरता भी हमारे लिये चिंता की बात होगी। ऐसे में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार से सहयोग करना भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि भारत विरोधी राजनीतिक दलों, सेना व कट्टरपंथियों के दबाव के बावजूद उन्होंने भारत के साथ रिश्ते सुधारने पर बल दिया है। निश्चित रूप से नेतृत्वहीनता जैसी स्थिति वाले देश में अंतरिम सरकार का बनना एक सकारात्मक संकेत कहा जा सकता है। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि यूनुस कितनी जल्दी देश को उथल-पुथल से निकालकर उसे सामान्य स्थितियों की ओर ले जा सकते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस व्यापक विश्वसनीयता के बूते अपने देश में अमन-चैन कायम कर पाएंगे। अपने आर्थिक मॉडल से गरीबों को गरीबी के दलदल से निकालने वाले मुहम्मद यूनुस की रचनात्मक पहल ने उन्हें देश में व्यापक जनाधार दिया है। इतना ही नहीं दुनिया के सौ से अधिक देशों में उनके मॉडल पर आधारित ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली का अनुकरण किया जा रहा है। विश्वास किया जाना चाहिए कि प्रगतिशील सोच वाले यूनुस के प्रयासों से बांग्लादेश अपनी तेज आर्थिक विकास दर को फिर से हासिल कर सकेगा। हालांकि, देखना होगा कि सेना, राष्ट्रपति, कट्टरपंथी रुझान वाले राजनीतिक दलों व जमात से मुकाबला करते हुए मुहम्मद यूनुस कैसे दबाव मुक्त हो पाते हैं।

# मौसमी बदलाव से मुकाबले में सहायक वायनाड के सबक

हाल के वर्षों में देशभर में घटित आपदाओं का बदतर होता प्रभाव चिंताजनक है। वायनाड त्रासदी एक ऐसा चरम मामला है, जब धरती की सतह कुछ कारकों की वजह से बना दबाव नहीं झेल पाई। मसलन बुनियादी ढांचा विकास और अत्यधिक बारिश। लंबे समय से, विकास प्रक्रिया बनाते वक्त पर्यावरणीय संवेदनशीलता की अहमियत का ध्यान नहीं रखा जाता। लेकिन मौसम में आ चुका बदलाव अब एक हकीकत है। और समस्या की तीव्रता देश के अनेक हिस्सों में आफत का रूप धरकर टूट रही है। केरल में घटित आपदा का कारण चाहे चरम बारिश कहें या यथेष्ट प्रशासनिक व्यवस्था एवं पर्यावरणीय प्रबंधन का अभाव, अवश्य ही इसके जिम्मेवार सब मिलाकर हैं। देश के दक्षिणी प्रायद्वीप के पश्चिमी और पूरबी घाट जैविक विविधता से काफी समृद्ध हैं और वे गुजरात से लेकर केरल तक और ओडिशा से लेकर तमिलनाडु तक फैली तटरेखा के प्राकृतिक रक्षक हैं। ये घाट, जो अनेक लुप्तप्राय वनस्पति और जीव-जंतु-पक्षियों का आशियाना भी हैं, यहां के पर्यावरण को नियंत्रित करते हैं।

इस पर्वतीय अंचल के संवेदनशील प्राकृतिक स्वरूप और इसे सुरक्षित रखने की जरूरत पर अनेकानेक खबरें छप चुकी हैं और विचार विमर्श हो चुके हैं। सरकारों ने इस संबंध में कमेटियां बनाईं। माधव गाडगिल और के. कस्तूरीरंगन रिपोर्ट ने पश्चिमी घाटों की



पर्यावरणीय संवेदनशीलता के मद्देनज़र इस इलाके को संरक्षित करने की तगड़ी सिफारिशें की हैं, जैसे कि खनन पर और अधिक कड़ा नियंत्रण या पूर्ण रोक, औद्योगिक एवं कृषि गतिविधियां, आर्थिक कारणों से भवन निर्माण और भूमि उपयोग में बदलाव इत्यादि पर सख्त शिकंजा। संवेदनशील हिस्सों की पहचान की गई है। इनमें कहा गया कि कई अत्यंत संवेदनशील संभागों में अनेकानेक गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। दोनों रिपोर्टों का निष्कर्ष था कि पश्चिमी घाट को हरसंभव तरीके से सुरक्षित बनाए रखने की जरूरत है। प्रस्तावित किया गया कि भूभाग के 50-70 फीसदी हिस्से को जैव-विविधता और सकल पर्यावरणीय नाजुकता के परिप्रेक्ष्य में पूर्णतः संरक्षित क्षेत्र बना दिया जाए।

पिछले सालों से महासागरों का औसत तापमान निरंतर बढ़ रहा है, इसकी

**सुरुचि भडवाल**

वजह से जल और थल से वाष्पीकरण अधिक हो रहा है, नतीजतन अधिक गहरे बादल बनने लगे हैं, जिसके चलते बहुत भारी बरसात होती है। इससे जल भराव, सैलाब और भूस्खलन होता है। पश्चिमी घाट के कई भागों में यही हो रहा है। टेरी (ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान) ने महाराष्ट्र सरकार को सौंपी अपनी मौसमीय बदलाव रिपोर्ट-2012 में राज्य कार्य योजना सुझाई है। कोंकण संभाग में चरम बारिश की घटनाओं में वृद्धि और भविष्य में इनके बढ़ते जाने की आशंका जताई गई है। बारिश का ठीक यही मंजर देश के दक्षिणी भाग में देखा गया। सामान्यतः केरल में मानसून जून के पहले सप्ताह में दस्तक देता है और इसके बाद देश के बाकी हिस्सों में फैलता है।

वायनाड त्रासदी कई कारकों के इकट्ठा होने का परिणाम है –अरब सागर में गहरे मेघ बनना, बादल फटना, मिट्टी की जल सोखन शक्ति संतृप्त होना, नाजुक भाग में अतिक्रमण एवं पर्यावरणीय क्षरण इत्यादि। बारिश का असामान्य और चरम होना- इस इलाके में एक ही दिन में 150 एमएम से अधिक बरसात दर्ज हुई। इस भारी बारिश का एक परिणाम भूस्खलन रहा।

भूस्खलन नतीजा है ढलान-बल में बढ़ोतरी और सतह को पकड़कर रखने वाले अवयवों की शक्ति कमजोर पड़ने का। यह चाल तब बनती है जब भूमि सतह को जकड़कर रखने वाले अवयवों की ताकत पर गुरुत्वाकर्षण बल भारी पड़ जाए। ऐसा होने पर, बारिश, बर्फ गिरने, जल सतह में बदलाव, जलधारा से हुआ कटाव, भूजल स्तर में बदलाव, भूकम्प, ज्वालामुखी कंपन या मानव निर्मित हिलजुल से ढलान का भाग धंस जाता है या नीचे की ओर बह निकलता है। भूस्खलन बनाने में मानवजनित गतिविधियों का योगदान खासा है, जो अक्सर तब होता है, जब निर्माण के दौरान ढलान की कटिंग यथेष्ट ढंग से न की जाए, जल निकासी प्रबंधन योजना का सही न होना या इसमें जुगाड़ वाला बदलाव करना या फिर पिछले भूस्खलनजनित कारक।

पश्चिमी घाट का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा भूस्खलन जोखिम वाला है। बेशक भौतिक कारकों को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता किंतु जोखिम को विस्तृत भूवैज्ञानिक जांच, गहन इंजीनियरिंग ज्ञान और भू-उपयोगिता प्रबंधन पर कड़े नियंत्रण के जरिए काफी कम किया जा सकता है। दुर्भाग्य से बुनियादी ढांचा योजना बनाते वक्त इन पहलुओं को अक्सर ध्यान में नहीं रखा जाता। इसके परिणाम में 300 से अधिक लोगों की जानें गईं और अनेक बाशिंदे अभी भी लापता हैं। जमीन-जायदाद का काफी स्तर पर नुकसान हुआ है और बहुत से लोग बेघर हुए हैं और मूलभूत सेवाओं तक पहुंच प्रभावित हुई है।

ज्यादातर मानव-जनित भूस्खलनों से बचा जा सकता है यदि निर्माण स्थल की गहन भूमि जांच और सिविल इंजीनियरिंग एवं नियामक मानकों का पूरी तरह पालन किया गया हो। जोखिम को प्रभावशाली रूप से कम करने के लिए भूस्खलन पैदा करने वाले प्राकृतिक एवं मानव जनित कारकों की पूरी तरह समझ होना जरूरी है। भले ही चेतावनी और राहत तंत्र भी स्थापित हो, लेकिन जैविकता को हुआ नुकसान फिर से नहीं भरा जा सकता। अतएव, इसके नतीजे होकर रहेंगे।

नुकसान की तीव्रता सीमित रखने के लिए प्राकृतिक तंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुख्य उपाय है। यह माना जाता है कि सरकार इस साल आपदा प्रबंधन कानून में संशोधन करना चाहती है और राज्यों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और डाटाबेस स्थापित होंगे। संचार का बेहतर तंत्र बनाने और जागरूकता फैलाने की जरूरत है। साथ ही, संवेदनशील स्थानों पर सामुदायिक पूर्वाभ्यास करके जानी नुकसान कम किया जा सकता है।

सहज योग

# सारा काम चैतन्य का है जड़ता का कुछ नहीं



हमारा चित्त अगर चैतन्य पर है तो अन्य की बात सोचनी चाहिए। जब तक हम अपना चित्त चैतन्य की ओर नहीं रखेंगे तो जड़ भी हमें सताएगा सारा काम चैतन्य का है जड़ता का कोई काम ही नहीं है।

अगर कोई पागलपन होगा तो वो भी ठीक हो जाएगा और कोई गर आपके अंदर में Over Activity से कैंसर जैसा रोग होगा तो, वो भी ठीक हो जाएगा। कैंसर का इलाज सिर्फ सहज योग है और कोई उसका इलाज संसार में नहीं है यह बात सिद्ध हो जाएगी। हम जानते हैं थोड़े से ही दिन में यह बात सिद्ध हो जाएगी और हमने बहुतों का इलाज भी जो किया है कैंसर का वो भी लोग यहां बैठे हुए हैं, वो भी बता सकते हैं। तो भी, एक बात पहले और शुरू से ही कह रही हूं कि चित्त हमारा कहां है? चित्त क्या उस कैंसर पर है जो इस शरीर को जर्जर किए हुए हैं जो कि जड़ है? हमारा चित्त अगर चैतन्य पर है तो अन्य की बात सोचनी चाहिए। जब तक हम अपना चित्त चैतन्य की ओर नहीं रखेंगे तो जड़ भी हमें सताएगा सारा काम चैतन्य का है जड़ता का कोई काम ही नहीं है। हमको इतनी आदत जड़ता की हो गई है कि मनुष्य छोटी जड़ बातों से चिपक जाता है, छोटी छोटी जड़ बातों से जैसे में आपसे कहूं कि एक स्त्री हमारे पास आती थी, उनको Realization हो गया और वो काफी अच्छे से देने वगैरा लग गई। लेकिन Realization का मतलब भी यह तो नहीं कि आप व्यस्त हो गए, आपका पुनर्जन्म हो गया आप निरक्षर हो गए। अब यह सोच लेना चाहिए कि जो कोई मर चुके हैं वो मर चुके हैं। उनकी बातें करके मत घबराइए। चित्त को अपनी ओर रखें। शायद उनमें से आप एक हो जिन्होंने कुछ-कुछ लिख दिया था, हो सकता है कि आप ही वो बड़े भारी लोग हों जिन्होंने बहुत कुछ लिखा हो और आज भी यहां जन्म लेकर आए हैं, अपना दावा लेने आए हैं। जो हो चुका सो बीत गया। सहजयोग में जो साधक होता है उसे कुछ भी नहीं करना चाहिए। जो डूब रहा है पानी में वो कुछ न करे तो अच्छा है। लेकिन बाकी के तैराक लोग उसे बचाते हैं और उसे उठाते हैं। यही साधारण तरह से सहजयोग आप समझ लें। जो लोग अपने में उतर गए हैं, जो लोग पार हो गए हैं, जो अपने अन्दर एकाकार अपनी शक्तियों से हो गए हैं, वही सब कुछ करेंगे।

आप शान्त बैठिएगा जो अभी तक पार नहीं हुए हैं। आपके सूत्र में आकर के वो आप को प्यार देंगे, आपके सूत्र में आकर वो आपके चक्रों को ठीक करेंगे क्योंकि आप अभी अपने चक्रों को जानते ही नहीं। जब आप पार हो जाएंगे तब आप मेरी बात जानिएगा कि हां यहां चक्र है, यह चक्र घूम रहा है, वो चक चल रहा है, उनका ऐसा चक्र है। तभी आपको Collective Conscious जिसे कहते हैं सामूहिक चेतना उसका आभास होगा।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा


फ्रेडरिक लुडविगः जन्म- 11 अगस्त, 1778

जन्म

# दूसरों की गहराई के साथ मत खेलो

जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म 11 अगस्त 1778 को हुआ था। उनके प्रशंसक उन्हें 'टर्नवेटर जा' के नाम से जानते हैं। फ्रेडरिक लुडविग की मृत्यु 15 अक्टूबर 1852 फ़्रीबर्ग में हुई थी।

मेरी भाषा की सीमाएं मेरी दुनिया की सीमाएं हैं। यदि ईसाई धर्म सत्य है, तो इसके बारे में कोई भी दर्शन गलत है। जिस तरह से आप भगवान शब्द का उपयोग करते हैं, वह नहीं दिखाता कि आप किसके बारे में सोचते हैं, बल्कि आप क्या सोचते हैं। धर्म कहता हैः ऐसा करो! ऐसा सोचो! लेकिन यह इसे प्रमाणित नहीं कर सकता है और जब यह घृणा करता है। दिए गए प्रत्येक कारणों के लिए, एक मजबूत विपरीत कारण है। यह कहने के लिए और अधिक ठोस होगा ऐसा सोचो, जितना अजीब लगता है उतना ही आपको लगता है। या, क्या आप ऐसा नहीं करना चाहेंगे? दर्शन भाषा के उपयोग के माध्यम से हमारी बुद्धिमत्ता के



प्रकोप के खिलाफ एक संघर्ष है। क्रांतिकारी वह होगा जो खुद में क्रांति ला सकता है। हमें लगता है कि जब सभी संभव वैज्ञानिक सवालों के जवाब दे दिए गए हैं, तब भी हमारी महत्वपूर्ण समस्याओं को कम से कम नहीं छुआ गया है। निश्चित ही तब कोई प्रश्न नहीं बचा है; और यह ठीक उत्तर है। शुद्ध ज्ञान खुशी की गारंटी नहीं है। जीवन में मृत्यु एक घटना नहीं है। मृत्यु जीवित नहीं है।

यदि अनंत काल के लिए यह एक अनंत लौकिक अवधि नहीं, बल्कि कालातीतता को समझा जाता है, तो अनंत काल जो वर्तमान में रहता है। हमारे शब्द केवल तथ्यों को व्यक्त करते हैं, उसी तरह से जैसे कि एक कप चाय में केवल एक लीटर से अधिक चाय के लिए एक कप चाय की मात्रा हो सकती है।

प्रेरक प्रसंग

## बुरे नियत का नतीजा

एक गांव में एक अंधी औरत रहती थी। वह काफी अमीर थी और उसने घोषणा की थी की जो भी डाक्टर उसकी आखों की रोशनी वापस दिलाएगा, उसे वह थैला भरकर सोने की मोहरे देगी। एक डॉक्टर ने उसका इलाज करने का दावा किया। उसकी योजना थीं की इलाज के बहाने वह अंधी औरत के घर में रखी वस्तु चुराकर ले जाएगा। डाक्टर कही महीनो तक अंधी औरत का इलाज करता रहा। जब भी वह उसके घर आता कोई न कोई वस्तु लेकर जाता। इस प्रकार धीरे धीरे उसका सारा सामान डॉक्टर के घर पहुंच गया। लम्बे समय बाद अंधी औरत की आखों की रोशनी लोट आई तो डाक्टर ने उसे अपनी फीस के रूप में मोहरे का थैला मांगा। उसके इनकार करने का बाद न्यायलय में पहुंची। डाक्टर ने जज से कहा, मैने एक स्त्री का इलाज किया है, पर बदले में यह मेरी फीस नहीं दे रही। अंधी औरत ने उत्तर दिया, जज साहब, जब मुझे अपने घर में रखा सामान दिखाई नहीं दे रहा तो मैं कैसे मान लूं की मेरी आंखे ठीक हो गई है। सुनकर डाक्टर शर्मिंदा होकर वहा से चला गया। कभी भी दूसरे की मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहीए।

## महत्वपूर्ण दान

भगवान बुद्ध एक दिन पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे हुए थे। हर भक्त की भेंट स्वीकार कर रहे थे। तभी एक वृद्ध महीला आई। उसने कांपती हुई आवाज में कहा 'भगवन, मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास आपको भेंट देने के लिए कुछ भी नहीं है। हां, आज एक आम मिला है। मैं इसे आधा खा चुकी थी, तभी पता चला कि तथागत आज दान ग्रहण करेंगे। अतः मैं यह आम आपके चरणों में भेंट करने आई हूं। कृपा कर इसे स्वीकार करें। गौतम बुद्ध ने अपनी पात्र में वह आधा आम प्रेम और श्रद्धा से रख दिया, मानो कोई बड़ा रत्न हो। वृद्धा संतुष्ट भाव से लौट गई। वहां उपस्थित राजा यह देखकर चकित रह गया। उसे समझ नहीं आया कि भगवान बुद्ध वृद्धा का जूठा आम प्राप्त करने के लिए आसन छोड़कर नीचे तक, हाथ पसारकर क्यों आए? पूछा 'भगवन, इस वृद्ध में और इसकी भेंट में क्या ऐसी विशेषता है?बुद्ध मुस्कराकर बोले राजन, इस वृद्धा ने अपनी सम्पूर्ण संचित पूंजी मुझे भेंट कर दी जबकि आप लोगों ने अपनी सम्पूर्ण सम्पति का केवल एक छोटा भाग ही मुझे भेंट किया है। दान के अहंकार में डूबे हुए बग्घी पर चढ़कर आए हो। वृद्धा के मुख पर कितनी करूणा और कितनी नम्रता थी। युगों-युगों के बाद ऐसा दान मिलता है।

शख्सियत | खुदीराम बोस

## सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानी



खुदीराम बोस भारत के सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, और 1900 की शुरुआत में, अरबिंदो घोष और सिस्टर निवेदिता के सार्वजनिक भाषणों ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। 1905 में, बंगाल विभाजन के दौरान, वह स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय स्वयंसेवक बन गये। खुदीराम केवल 15 वर्ष के थे जब उन्हें पहली बार ब्रिटिश प्रशासन के खिलाफ पर्चे बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

खुदीराम का जन्म 03 दिसंबर 1889 को छोटे से गांव हबीबपुर में हुआ था, जो पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के केशपुर पुलिस स्टेशन का एक हिस्सा है। वर्ष 1902 और 1903 में, अरबिंदो और सिस्टर निवेदिता ने भारत की स्वतंत्रता के लिए मौजूदा क्रांतिकारी समूहों के साथ कई सार्वजनिक व्याख्यान दिए और विभिन्न निजी सत्र आयोजित किए। उस समय खुदीराम चर्चाओं में सक्रिय भागीदार थे। बाद में वह अनुशीलन समिति में शामिल हो गए और 15 साल की उम्र में स्वयंसेवक बन गए। उन्हें भारत में ब्रिटिश राज के खिलाफ पर्चे बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 1908 में, खुदीराम अनुशीलन समिति में शामिल हो गए, जो 20वीं सदी का एक क्रांतिकारी समूह था, जिसने अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने के लिए हिंसक तरीकों का सहारा लिया था। अरबिंदो घोष और उनके भाई बरिन्द्र घोष जैसे राष्ट्रवादियों ने समिति का नेतृत्व किया। यहीं पर खुदीराम पूरी तरह से ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गए। उसने न सिर्फ बम बनाना सीखा, बल्कि सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए उन्हें पुलिस स्टेशनों के सामने रख दिया। 1907 में, बरिन्द्र कुमार घोष ने अपने सहयोगी हेमचंद्र कानूनगो के लिए पेरिस में निर्वासित रूसी क्रांतिकारी निकोलस सफ्रांस्की से बम बनाने की तकनीक सीखने की व्यवस्था की। दो सदस्यीय टीम की साजिश में खुदीराम एकमात्र जीवित व्यक्ति थे। यह अनुमान लगाया गया था कि खुदीराम बोस को बख्श दिया जाएगा लेकिन एक ऐतिहासिक तारीख पर, ब्रिटिश न्यायाधीशों ने उनकी फांसी की पुष्टि कर दी। 11 अगस्त को खुदीराम बोस को फांसी दे दी गई।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भस्मासुर का वर्णन

(भाग 1)

भस्मासुर का वर्णन हमें शिव पुराण एवं श्रीमद्भागवत में मिलता है। हालाँकि दोनों की कथाओं में थोड़ा भेद है, कथा के अनुसार एक असुर था जिसका नाम था वृकासुर। उसने अमर होने के लिए केदार क्षेत्र में महादेव की घोर तपस्या आरम्भ कर दी। बहुत समय बीत गया किन्तु भगवान शंकर प्रसन्न ना हुए। तब उसने क्रोध में आकर हठ पूर्वक तपस्या करने की ठानी। महादेव को शीघ्र प्रसन्न करने के उद्देश्य से उसने वही केदार में एक भयंकर अग्निकुंड बनाया और अपने शरीर का मांस काट काट कर महादेव के नाम से उस अग्निकुंड में अर्पित करने लगा। जैसे ही अंत में उसने अपना शीश काटने का प्रयास किया, महादेव प्रकट हुए और उसका हाथ पकड़ लिया। उन्होंने वृकासुर को स्वस्थ कर दिया और वरदान मांगने को कहा।

तब वृकासुर ने अमरता का वरदान माँगा जिसे देने से महादेव ने मना कर दिया। तब वृकासुर ने वरदान माँगा कि वो जिसके सर पर हाथ रख



दे, वो भस्म हो जाये। महादेव ने उसे ये वरदान दे दिया और अंतर्धान हो गए। उसी वरदान के कारण उस समय से वृकासुर भस्मासुर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। वरदान के मद में आकर उसने सृष्टि में त्राहि-त्राहि मचा दी। उसका जिसे भी मन होता, उसे भस्म कर देता। उसके अत्याचारों की ताप महादेव तक भी पहुंची।

तब उसका नाश करने के लिए महादेव की प्रेरणा से देवर्षि नारद उसके पास गए। उन्होंने उससे कहा कि ?हे असुर राज! एक पुरुष की पूर्णता उसकी भार्या से ही होती है, अतः अब आपको विश्व की सर्वोत्तम नारी से विवाह कर लेना चाहिए। ये सुनकर भस्मासुर ने उनसे पूछा कि मेरे योग्य नारी कौन सी है। इस पर देवर्षि ने कहा कि इस चौदह भुवनों में देवी पार्वती से अधिक रूपवती नारी कोई और नहीं है, किन्तु महादेव के रहते उन्हें प्राप्त करना असंभव है। भस्मासुर शक्ति के मद में तो था ही, अब माता पार्वती के रूप के विषय में सुनकर हित-अहित सब भूल गया। वो तत्काल कैलाश पहुंचा और माता पार्वती से विवाह करने का प्रस्ताव रखा। तब माता पार्वती ने उसकी बड़ी भत्र्य्सना की। तब ये सोचकर कि महादेव के रहते माता पार्वती उसका प्रस्ताव नहीं स्वीकारेंगी, भस्मासुर ने उन्ही से मिले वरदान का प्रयोग उन्ही पर करना चाहा। अब महादेव धर्म संकट में पड़ गए। उस असुर का नाश करना उनकी इच्छामात्र पर निर्भर था किन्तु अपने भक्त का वध स्वयं कैसे करते? दूसरा ये कि यदि भस्मासुर उनके सर पर हाथ रख देता तो स्वयं उनका वरदान झूठा हो जाता। तब भस्मासुर को स्वयं अपने ही क्रोध से बचाने के लिए वे कैलाश छोड़ कर चले गए। किन्तु भस्मासुर ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। उनका पीछा करते हुए उसने कई निरपराधों को भस्म कर दिया।

तब महादेव ने उस स्थिति से बचने के लिए श्रीहरि का स्मरण किया। नारायण तत्काल वहां आये और उन्होंने महादेव से कहा कि जब तक वे भस्मासुर का कोई उपाय ना धुंध लें, वे कही एक जगह स्थित हो जाएँ। तब भोलेनाथ ने वहीं थोड़ी दूर पर पाने त्रिशूल से एक गुफा बनाई और उसी के अंदर गुप्तवास को चले गए।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

यात्रा के रंग

# बेमिसाल है केरल का 'बेकाल'



केरल का बेकाल, एक रहस्यमय और आकर्षक पर्यटन स्थल है जो अपने ऐतिहासिक किले, मनमोहक समुद्र तटों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ का 17वीं शताब्दी का किला, जो समुद्र के किनारे पर स्थित है, आपको पुरानी भारतीय सैन्य वास्तुकला का अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। वहीं, बेकाल का समुद्र तट, जहाँ की सफेद बालू और नीला पानी मिलते हैं, आपको शांति और सुकून का एहसास कराता है। बेकाल की यात्रा आपको न केवल ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद देती है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और स्वादिष्ट भोजन से भी रूबरू कराती है।

### समुद्र तट: स्वप्निल दृश्य

बेकाल का समुद्र तट यहाँ की यात्रा का मुख्य आकर्षण है। यहाँ की सफेद बालू और नीले समुद्र का संगम एक अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत करता है। तट पर चलना, समुद्र की लहरों में खेलना और सूर्यास्त का खूबसूरत दृश्य देखना यहाँ की यात्रा का मुख्य आकर्षण है। समुद्र तट पर बिताया गया समय आपको ताजगी और सुकून का अहसास कराएगा। यहाँ की ताजगी भरी हवा और लहरों की आवाज एक प्राकृतिक संगीत की तरह सुनाई देती है।

### सुरक्षित यात्रा: टिप्स और सुझाव

बेकाल की यात्रा के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। मौसम के अनुसार उचित कपड़े ले जाएं, खासकर अगर आप समुद्र तट पर समय बिताना चाहते हैं। स्थानीय खानपान और संस्कृति के प्रति आदर बनाए रखें और अपनी यात्रा के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखें।

### स्थानीय संस्कृति: परंपरा और त्यौहार

बेकाल की यात्रा में आप स्थानीय संस्कृति का भी अनुभव कर सकते हैं। यहाँ के लोग अपनी पारंपरिक परंपराओं और त्यौहारों के प्रति बहुत समर्पित होते हैं। उनकी मेहमाननवाजी, लोक नृत्य, और सांस्कृतिक उत्सव आपकी यात्रा को और भी रंगीन बना देंगे। आप स्थानीय त्यौहारों और उत्सवों का हिस्सा बन सकते हैं, जो आपके अनुभव को और भी समृद्ध बनाएंगे।

### बेहाल किला: ऐतिहासिक धरोहर

बेहाल किला, जिसे 'बेहाल फोर्ट' भी कहते हैं, बेकाल का सबसे प्रमुख आकर्षण है। 17वीं शताब्दी में बना यह किला समुद्र के किनारे पर स्थित है, जो इसकी सामरिक महत्व को दर्शाता है। किले की विशाल दीवारें, टावर और प्राचीन दरवाजे ऐतिहासिक महत्व के प्रतीक हैं। किले की ऊँचाइयों से समुद्र का दृश्य अत्यंत आकर्षक होता है। यहाँ की वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व किले की यात्रा को एक अद्भुत अनुभव बनाते हैं।

### स्थानीय भोजन: स्वादिष्ट विशेषताएँ

बेकाल में भोजन का अनुभव भी बहुत खास होता है। यहाँ के स्थानीय व्यंजन विशेष रूप से स्वादिष्ट होते हैं, जैसे नारियल और मछली आधारित व्यंजन। 'पापडम', 'नारियल चटनी', और 'फिश करी' यहाँ के प्रमुख खाद्य पदार्थ हैं। इनका स्वाद आपकी यात्रा को और भी यादगार बना देगा। आप स्थानीय रेस्तरां में जाकर इन व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं और भारतीय भोजन की विविधता का अनुभव कर सकते हैं।

### मनोरंजन और खरीदारी: लोकल आर्ट्स और क्राफ्ट

बेकाल में घूमते हुए आप स्थानीय बाजारों की सैर भी कर सकते हैं। यहाँ के बाजार हस्तशिल्प, सजावटी वस्त्र, और अन्य लोकल आर्टिकल्स से भरे हुए होते हैं। आप यहाँ पर विभिन्न वस्त्र और क्राफ्ट की चीजें खरीद सकते हैं, जो आपके घर के लिए एक सुंदर और अनमोल स्मृति बन

# दाल कचोरी रेसिपी

दाल कचोरी, भारतीय स्नैक्स में एक बेहतरीन और स्वादिष्ट विकल्प है, जो खासकर उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय है। यह कुरकुरी, गोल-मटोल पेस्ट्री होती है, जिसे मसालेदार उरद दाल के भरावन के साथ तैयार किया जाता है। कुरकुरी बाहरी परत और अंदर से चटपटे भरावन का मेल इसे खास बनाता है। दाल कचोरी नाश्ते या शाम की चाय के साथ परोसने के लिए एक आदर्श विकल्प है, जो हर मौके को खास बना देती है।



### सामग्री



**कचोरी के लिए:**

- 2 कप मैदा
- 1/4 कप घी (या तेल)
- 1/2 चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच गरम मसाला
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच नमक (स्वाद अनुसार)
- पानी (आटा गूंधने के लिए)
- दाल के भरावन के लिए :
- 1 कप उरद दाल (भीगी हुई)
- 1 चम्मच जीरा
- 1/2 चम्मच राई
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/4 चम्मच हींग
- नमक (स्वाद अनुसार)
- 1-2 हरी मिर्च (कटी हुई)
- 1/2 इंच अदरक (कटा हुआ)
- 2-3 टेबलस्पून तेल

### विधि

**1.भरावन तैयार करें:**

- उरद दाल को 3-4 घंटे के लिए पानी में भिगो दें। फिर दाल को छानकर दरदरी पीस लें।
- एक पैन में 2-3 टेबलस्पून तेल गरम करें। उसमें जीरा और राई डालें। जब वे चटकने लगे, तो हींग, अदरक और हरी मिर्च डालें।
- दाल का पेस्ट डालें और अच्छे से भूनें। इसमें धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और नमक डालें।
- दाल को धीमी आंच पर तब तक भूनें जब तक कि वह सूख जाए और मसाले अच्छे से मिल जाएँ। फिर पैन को आंच से हटा दें और भरावन को ठंडा होने के लिए रख दें।

**2.कचोरी का आटा तैयार करें:**

- एक बड़े बर्तन में मैदा, घी, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, हल्दी पाउडर और नमक डालें।
- सामग्री को अच्छे से मिला लें और थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए नरम आटा गूंधें। आटे को ढककर 20-30 मिनट के लिए अलग रख दें।

**3.कचोरी बनाएं:**

- आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें। हर लोई को बेलन से बेलें, जिससे आप मोटे और समान आकार की पूरी बना सकें।
- एक चम्मच दाल का भरावन बीच में रखें और किनारों को अच्छे से बंद कर दें।
- कचोरी को गोल आकार में बनाएँ और बेलन से हल्के हाथ से बेलें। ध्यान दें कि कचोरी बहुत पतली न हो, नहीं तो भरावन बाहर निकल सकता है।

**4.कचोरी तले:**

- एक गहरे पैन में तेल गरम करें। तेल की गर्मी की जांच करने के लिए एक छोटी सी कचोरी का टुकड़ा तेल में डालें। अगर वह सतह पर तैरने लगे, तो तेल गरम है।
- धीरे-धीरे तैयार कचोरियों को तेल में डालें और मध्यम आंच पर सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।
- तली हुई कचोरियों को तेल से निकालकर किचन पेपर पर रखें, ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए।

परोसने का तरीका : कचोरी को हरी चटनी, इमली की चटनी, या दही के साथ गर्मागर्म परोसें। यह नाश्ते या शाम के स्नैक के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

# बारिश में कपड़ों धोते समय बरतें सावधानी

बारिश के मौसम में कपड़े धोना और सुखाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है। नमी और बारिश के कारण कपड़े जल्दी सूख नहीं पाते और उनमें बदबू आ सकती है। इस मौसम में कपड़े धोते और सुखाते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है:

**1. कपड़े धोने की विधि:** बारिश के मौसम में कपड़े धोते समय, गर्म पानी का उपयोग करें। गर्म पानी से कपड़े गंदगी और बैक्टीरिया को बेहतर तरीके से साफ हो जाते हैं। साथ ही, अच्छी गुणवत्ता वाले वाशिंग पाउडर या लिक्विड डिटर्जेंट का उपयोग करें, जो कपड़ों को पूरी तरह से साफ और ताजगी भरा बनाए रखे।

**2. रिंसिंग और सेंटरिफ्यूज:** कपड़े धोने के बाद, उन्हें अच्छी तरह से रिंस करें ताकि डिटर्जेंट का कोई अवशेष कपड़ों में न रह जाए। डिटर्जेंट के अवशेष कपड़ों में कड़ा और बेजान महसूस कर सकते हैं। इसके अलावा, अगर आपके पास वॉशिंग मशीन है, तो स्पिन ड्राई का उपयोग करें ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए और सूखने का समय कम हो।

**3. सुखाने की जगह और तरीके:** बारिश के मौसम में कपड़े सुखाने के लिए एक सूखी और हवादार जगह चुनें। अगर बाहर कपड़े सुखा रहे हैं, तो एक छतरी या बारिश से बचाने वाला कवर इस्तेमाल करें। इसके अलावा, घर के अंदर कपड़े सुखाने के लिए एक हवादार और सूखा स्थान का चयन करें। ड्रायर का उपयोग करना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है यदि उपलब्ध हो।

**4. कपड़े फैलाने का तरीका:** कपड़ों को अच्छे से फैलाकर टांगें ताकि हवा अच्छे से चल सके और कपड़े जल्दी सूख सकें। कपड़े को एक-दूसरे के ऊपर न रखें, इससे नमी बढ़ सकती है और सूखने का समय लंबा हो सकता है।

**5. एंटी-बैक्टीरियल प्रोडक्ट्स का उपयोग:** बारिश के मौसम में कपड़ों में जल्दी बैक्टीरिया और फफूंद लग सकते हैं। इससे बचने के लिए, कपड़े धोने के बाद एंटी-बैक्टीरियल या डियोडोराइजिंग प्रोडक्ट्स का उपयोग करें। ये कपड़ों को ताजगी भरा बनाए रखते हैं और बदबू को रोकते हैं।

**6. सुखाने के लिए डिह्यूमिडिफायर का उपयोग:** अगर आप घर के अंदर कपड़े सुखा रहे हैं, तो एक डिह्यूमिडिफायर का उपयोग करें। यह हवा से अतिरिक्त नमी को हटाता है और कपड़ों को जल्दी सूखने में मदद करता है।

**7. कपड़े की देखभाल:** बारिश में कपड़े धोते समय, उनके लेबल पर दिए गए निर्देशों का पालन करें। किसी भी विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले कपड़े को अलग से धोएं और सुखाएं।



## राशिफल — प्रियंका जैन

**मेष:** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, नई योजनाएं बनेंगी। रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी। स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा।

**वृष:** जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा। उपहार मिल सकता है। संतान की चिंता दूर होगी। अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा।

**मिथुन:** अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क:** दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। दूसरों की नकल न करें।

**सिंह:** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी। मानसिक उद्विग्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा।

**कन्या:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी।

**तुला:** वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें।

**वृश्चिक:** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा।

**धनु:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी, आपसी संबंधों को महत्व दें। पूंजी संचय की बात बनेगी।

**कुंभ:** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**मीन:** मेहनत अधिक होगी। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें।

# नीच राशि में ग्रह की स्थिति

ज्योतिष के बहुत से ऐसे अनसुलझे रहस्य हैं, जिसके बारे में लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है। बहुत से लोग जिन्हें अनुभव नहीं है या जिन्होंने इसके ऊपर विस्तार से शोध नहीं किया। सही प्रकार से लोगों को परामर्श नहीं दे पाते इसलिए ज्योतिष के ग्रंथ और अन्य अध्ययन के माध्यम से। जानकारी दी जाती है। नीच राशि में विराजमान ग्रहकोई भी ग्रह किसी विशेष राशि में किसी विशेष अंश तक ही नीच माने जाते हैं ।

सूर्यः तुला राशि में 10 अंश तक।चंद्रः वृश्चिक राशि में 3 अंश तक। मंगलः कर्क राशि में 28 अंश तक। बुधः मीन राशि में 15 अंश तक। गुरुः मकर राशि में 5 अंश तक। शुक्रः कन्या राशि में 27 अंश तक। शनिः मेष राशि में 20 अंश तक। ऊपर जो अंश दिया है उस अंश से ऊपर उस राशि में विराजमान होने के बाद ग्रह नीच राशि में नहीं माना जाता है।

वास्तव में किसी भी ग्रह के नीच राशि में विराजमान होने का अर्थ खराब या गंदा नहीं है।मात्र उसके बल में कमी होना है। आम भाषा में हम किसी व्यक्ति को नीच बोलते हैं इसका मतलब होता है वह खराब है परंतु ज्योतिष में नीच शब्द का प्रयोग का मतलब वह बहुत ही कमजोर है, वह जिस राशि में विराजमान है वहां पूर्ण रूप से कार्य नहीं कर पा रहा है। जैसे सूर्य एक तारा है चंद्रमा एक उपग्रह है परंतु ज्योतिष के भाषा में उन्हें भी ग्रह कहा जाता है। उसी प्रकार किसी ग्रह को उच्च का मतलब उसके बल में वृद्धि है। नीच का मतलब उसके बल में बहुत ज्यादा कमी है। अब यदि किसी जन्म कुंडली में उसको लाभ देने वाला ग्रह नीच राशि में विराजमान है तब इसका अर्थ यह होगा कि उस भाव से संबंधित पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं होगा तो हमें यहां उसे और ज्यादा बल देने की आवश्यकता है ताकि वह नीच से बाहर निकले। ऊपर आपने देखा कि ग्रह एक निश्चित डिग्री के ऊपर जाने के बाद नीच राशि में नहीं माना जाता है । इसका यह अर्थ हुआ कि यदि ग्रह नीच राशि में विराजमान है और यदि हम उसे बली करते हैं और वह उस अंश से ऊपर चला जाएगा तो नीचे नहीं माना जाएगा। कई लोगों को मैं देखा हूं नीच राशि में विराजमान ग्रह का दान करवाने लगते हैं। मूर्खता की भी हद है वह पहले से ही नीच में विराजमान होने के कारण फल नहीं दे रहा है उसका दान और उपाय करवा दोगे तो क्या होगा?

असल में नीच राशि में विराजमान ग्रह को प्रबल किया जाता है। कुंडली विश्लेषण करके देखना पड़ता है, यदि मंत्र जप के माध्यम से कार्य हो जाता है तो ठीक है आवश्यकता पड़ने पर नीच राशि का रत्न अवश्य धारण करना चाहिए। इसके सिवाय कोई भी रास्ता नहीं है। नीच राशि में विराजमान ग्रह का रत्न धारण करने पर लाभ होता है कोई नुकसान नहीं होता है।

ज्योतिष में एक यह भी सूत्र है यदि कोई ग्रह नीच राशि में विराजमान है एवं वक्री है तो वह अच्छा फल देता है। ऐसा क्यों होता है क्योंकि कोई भी ग्रह वक्री होने के बाद उसके बल में वृद्धि हो जाती है जैसे मान ले गुरु 4 अंश का है तब यह नीच माना जाएगा और यदि यहां गुरु वक्री हो जाता है तो 4-5 अंश की उसमें वृद्धि हो जाएगी और वह 5 अंश से ऊपर चला जाएगा और उसके नीच का दोष समाप्त हो जाएगा। इसका अर्थ यही है कि यदि कोई भी ग्रह नीच राशि में विराजमान है और उसे बली करते हैं तो वह नीच राशि से बाहर आ जाएगा और अच्छा फल देगा। आप स्वयं बिना कुंडली के विश्लेषण करवाएं नीच राशि का रत्न धारण नहीं कर सकते हैं। एक योग्य ज्योतिषी ही परामर्श देगा कि आपको कहां धारण करना है या मंत्र जाप करना है।




प्रियंका जैन
9769994439

# भारत ने स्पेन को हराकर लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता था, कुछ खिलाड़ी समापन समारोह के बाद करेंगे वापसी

# पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम का भव्य स्वागत



ये यादें हमारे साथ रहेंगी। कांस्य पदक ने साबित कर दिया कि भारतीय हॉकी सही राह पर है। अपना दिन होने पर हम किसी को भी हरा सकते हैं। हमें खुद पर भरोसे और भारतीय हॉकीप्रेमियों के साथ की जरूरत थी। मैं अनुरोध करूंगा कि यूं ही हॉकी से प्यार करते रहे और हमारा सहयोग करते रहे।

**हरमनप्रीत सिंह, भारतीय हॉकी कप्तान**

**15** गोल कुल भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के आठ मुकाबलों में किए

**10** गोल सर्वाधिक हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में दागे



एजेंसी । नई दिल्ली

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्यों का वापसी पर शानदार स्वागत किया गया। टीम के सुबह पेरिस लौटने पर इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद खेलप्रेमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और टीम का फूल-मालाओं से लाद दिया गया और जमकर ढोल बजाए गए। इस दौरान कुछ खिलाड़ियों ने डांस भी किया।

### 13वां पदक जीतकर लौटी टीम

भारतीय टीम स्पेन को कांस्य पदक के मुकाबले में 2-1 को हराकर हॉकी में 13वां ओलंपिक पदक जीतकर लौटी है। भारतीय हॉकी की दीवार गोलकीपर पी आर श्रीजेश ओलंपिक के समापन समारोह में दो पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे। श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय समापन समारोह के बाद लौटेंगे।

### स्वागत से टीम अभिभूत

कांस्य पदक मैच में दोनों गोल करने वाले हरमनप्रीत ने इस मौके पर कहा कि वह इस स्वागत से टीम अभिभूत है। उन्होंने मीडिया से कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भारतीय प्रशंसक हमारे स्वागत के लिए यहां आए। टीम ने ओलंपिक की तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी और यह देखकर खुशी हुई कि हमारी मेहनत रंग लाई और हमारी जीत का जश्न पूरा देश मना रहा है। भारतीय कप्तान ने कहा, हमें पूरा सहयोग मिला और हमारी सारी जरूरतें पूरी की गईं। हम धन्यवाद देना चाहते हैं। हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस प्यार से हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम हर बार पदक जीतकर लौटने की कोशिश करेंगे। आपसी विश्वास और तालमेल का कमाल भारतीय उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, खिलाड़ियों को एक-दूसरे पर अटूट विश्वास था कि एक गलती करेगा तो दूसरा संभाल लेगा।

### अपटन और 'बूट शिविर ने मानसिक रूप से मजबूत बनाया: हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने खिलाड़ियों के संयम का श्रेय मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन और स्विट्जरलैंड के 'एडवेंचर माइक हॉर्न के साथ तीन दिवसीय 'बूट शिविर को दिया।

### मुश्किल गतिविधियों की ट्रेनिंग दी

2011 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके अपटन पिछले साल जून में हॉकी टीम से जुड़े थे। पेरिस जाने से पहले हॉर्न के साथ शिविर लगाने का विचार उनका था। स्विट्जरलैंड में तीन दिवसीय बूट शिविर में ग्लेशियर पर चलना, साइकिल चलाना, चढ़ाई करना और झरने से नीचे उतरना जैसी गतिविधियां शामिल थीं। हरमनप्रीत ने कहा, इस टीम की मानसिक दृढ़ता पूरी तरह से अलग है। हम एकजुट हैं और मुश्किल परिस्थितियों में हमने एक-दूसरे का समर्थन किया और एक-दूसरे को प्रेरित किया। पहले मैच से लेकर आखिरी मैच तक हम एक इकाई के तौर पर खेले।

# क्वार्टर फाइनल में हारीं रितिका




एजेंसी । पेरिस

भारतीय पहलवान रितिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की अयापेरी किजी के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा। अपना पहला ओलंपिक खेल रही 21 साल की रितिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त पहलवान को कड़ी टक्कर दी और शुरुआती पीरियड में पैसिविटी से एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही। दूसरे पीरियड में रितिका ने कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'पैसिविटी' (अति रक्षात्मक रवैया) के कारण एक अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ। स्कोर तो 1-1 से बराबर रहा, लेकिन आखिरी अंक बनाने के कारण शीर्ष वरीय अयापेरी को मैच में विजेता घोषित किया गया।

### भारतीय नौसेना की अफसर हैं रितिका

*रितिका का जन्म रोहतक के खड़कड़ा गांव में हुआ था। वह भारतीय नौसेना में अफसर हैं और चीफ पैटी अफसर के पद पर तैनात हैं। रितिका का प्रोफेशनल करियर ज्यादा लंबा नहीं है। उन्होंने 2022 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 72 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद 2023 तिराना में हुई अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप में इस खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था। 2024 में ही एशियन चैंपियनशिप में रितिका ने 72 किलो वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। रितिका सपना था कि वो एक दिन भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतें। उनकी मां और पिता ने भी रितिका के सपनों को पूरा करने के लिए उनका जमकर समर्थन किया। रितिका के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद रितिका के हर जरूरत का ध्यान रखा।*

### कुश्ती के नियमों ने फिर तोड़ा दिल

नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। किर्गिस्तान की पहलवान अगर फाइनल में पहुंचती है तो रितिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का मौका होगा। इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान रितिका ने इससे पहले तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इस ओलंपिक में कुश्ती के नियमों ने भारत के स्वर्ण पदक की उम्मीदों को काफी झटका दिया है। रितिका से पहले विनेश फोगाट भी पदक जीतने से चूक गई थीं। उनका वजन महज 100 ग्राम ज्यादा रह गया था और वह फाइनल नहीं खेल सकी थीं। उन्हें नियमों के आधार पर डिसक्वालिफाई कर दिया गया था। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में हंगरी की बर्नाडेट नैगी को 12-2 से तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। रितिका पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर आठवीं वरीयता प्राप्त पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए। रितिका ने रक्षात्मक खेल के साथ शुरुआत की और हंगरी की पहलवान के आक्रमण को शानदार तरीके से रोकने में सफल रही। रितिका को इसके बाद पैसिविटी के कारण रेफरी ने चेतावनी दी और इस पहलवान के पास अगले 30 सेकंड में अंक बनाने की चुनौती थी। बर्नाडेट ने रितिका के पैर पर आक्रमण किया लेकिन भारतीय पहलवान ने 'फिलप'कर शानदार बचाव के बाद पलटवार के साथ दो बार दो अंक हासिल करने में सफल रही। शुरूआती पीरियड में 0-4 से पिछड़ने वाली हंगरी की पहलवान ने दो अंक हासिल कर वापसी की लेकिन रितिका ने इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया।

# त्रिपुरा की तरफ से खेलेंगे मनदीप सिंह

एजेंसी । नई दिल्ली



घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए कई सालों तक खेलने के बाद अब कप्तान मनदीप सिंह ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने पंजाब को छोड़कर त्रिपुरा की तरफ से डोमेस्टिक क्रिकेट में खेलने का फैसला किया है। मनदीप सिंह ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वो जूनियर से लेकर सीनियर तक लगातार पंजाब टीम का हिस्सा रहे लेकिन अब नए अध्याय की शुरुआत का समय आ गया है।

*मनदीप ने एक स्टेटमेंट जारी करके कहा, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन में मेरा सफर काफी यादगार रहा। जूनियर लेवल से लेकर मैंने सीनियर लेवल तक का सफर यहां पर तय किया। इसके अलावा 2023-24 के सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कप्तान के तौर पर टाइटल जीतने का भी गौरव हासिल हुआ। मैं पीसीए के सचिव और युवराज सिंह और हरभजन सिंह को उनके सपोर्ट के लिए आभार प्रकट करता हूं।*

# केशव महाराज ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजा

एजेंसी । पोर्ट ऑफ स्पेन



केशव महाराज के तीन विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर कर बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना पलड़ा भारी रखा। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह अभी दक्षिण अफ्रीका से 212 रन पीछे है। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 344 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 357 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय एक विकेट पर 114 रन था लेकिन लगातार 28 ओवर करने वाले महाराज ने कीसी कार्टी और एलिक अथानाजे के विकेट लिए जिससे स्कोर चार विकेट पर 124 रन हो गया। महाराज ने अभी तक 45 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जैसन होल्डर 13 और कावेम हॉज 11 रन बनाकर खेल रहे थे।

# शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ नेशनल बैंक ओपन से बाहर

एजेंसी । टोरंटो



शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ 14वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर से 6.4, 6.1 से हारकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस से बाहर हो गई। स्नाइडेर का सामना अब छठी वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा से होगा जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6.2,, 6.4 से मात दी थी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कैटी बूल्टर को 6.3, 6.3 से हराया।

# मलाइका अरोड़ा ने की ट्रोलिंग पर बात

*मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का जब से ब्रेकअप हुआ है, दोनों की हर हरकत पर लोगों की नजर रहती हैं। चाहे फिर उनकी किसी समारोह में मौजूदगी हो या फिर कोई सोशल मीडिया पोस्ट। मलाइका जहां अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं, वहीं उनकी निजी जिंदगी भी खूब सुर्खियां बटोरती है। उधर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स उनका पीछा नहीं छोड़ते। मलाइका आए दिन ट्रोलिंग का शिकार होती हैं। हाल ही में उन्होंने इस पर बात की।*



### खुद को मजबूत बनाए रखने के लिए योग करती हैं मलाइका

मलाइका ने कहा, 'मैं इंटरनेट पर अपने लिए बहुत भद्दे कमेंट देखती हूं। कभी-कभार जब अपने बारे में मुझे ज्यादा ही कुछ खराब पढ़ने को मिलता है तो मेरा दिन खराब हो जाता है, लेकिन मैं अब फालतू के शोर को नजरअंदाज करने में बेहतर होती जा रही हूं। मैं जैसी हूं, अपने आप को वैसा रखने के लिए बहुत मेहनत करती हूं। मैं खुद को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए योग करती हूं।'

### लोगों की तारीफ से खुश हो जाती हैं मलाइका

मलाइका 48 की उम्र में भी वह बेहद फिट हैं। इस पर मलाइका कहती हैं, 'मैं अगर इतनी फिट दिख पा रही हूं तो यह मेरी कड़ी मेहनत, समर्पण और ध्यान का असर है। मुझे इसका फायदा हो रहा है। अच्छा लगता है, जब लोग मुझसे पूछते हैं कि ऐसा दिखने के लिए क्या करें।' मलाइका बोलीं, 'जब कोई कहता है कि आप 48 की उम्र में कमाल की दिखती हैं तो बहुत अच्छा लगता है। यह एक तारीफ है।'

### मलाइका ने की टेलर स्विफ्ट की तारीफ

मलाइका बातचीत में जानी-मानी गायिका टेलर स्विफ्ट की तारीफ करने भी नहीं चूकीं। उन्होंने कहा कि गायिका बहुत कम उम्र में ही पैसा कमा रही हैं, स्टेडियमों में भीड़ जमा कर रही हैं। मलाइका ने कहा कि जब वह उनकी उम्र की थी, तब भी वह यह समझने की कोशिश कर रही थीं कि वह करना क्या चाहती हैं। बता दें कि अमेरिका के एक छोटे से शहर में जन्मीं टेलर 14 ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं।

# सिनेमाघरों में होंगे हंसी के दंगे, आ रही है फिल्म 'पड़ गए पंगे'




*अगस्त के महीने में बॉक्स ऑफिस पर बहार है। सावन का महीना है और त्योहार का भी मौसम है, तो दर्शकों के पास मनोरंजन के भी भरपूर मौके हैं। ऐसे में फिल्मों के विकल्प भी कम नहीं है। रिलीज होने वाली फिल्मों में अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। इस फिल्म का नाम है- 'पड़ गए दंगे'। एक्शन और बायोपिक फिल्मों के बीच यह एक कॉमेडी फिल्म है और आज इसका पोस्टर जारी किया गया है।*

### फिल्म से जुड़ा यह नया चेहरा

फिल्म पड़ गए दंगे का आज फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। पोस्टर काफी मजेदार है। फांसी का फंदा बना है, जिसका डिजाइन झूले की तरह है। उस पर एक्टर राजेश शर्मा बैठे हैं। इस फिल्म में एक नई प्रतिभा के रूप मे समर्पण सिंह को मौका मिला है। यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### ये कलाकार आएंगे नजर

पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'सबसे मजेदार मौत की यात्रा 'पड़ गए पंगे' का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इसमें फ्रेश फेस समर्पण सिंह नजर आएंगे। इनके अलावा राजेश शर्मा, राजेश यादव, राजपाल यादव, फैसल मलिक और वर्षा रेखाटे आदि नजर आएंगे। इस फिल्म को प्राची फिल्मस और उत्तर एक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन संतोष कुमार ने किया है।

# फ्लॉप के सदमे से डिप्रेशन में गए फरहान अख्तर

अमूमन यही होता है कि अगर कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट है तो बल्ले-बल्ले, वरना वो फिल्म गुमानामी में चली जाती है, लेकिन कई फिल्में ऐसी होती हैं, जो फ्लॉप होने के बावजूद सफल हो जाती हैं और सिनेमा में अपनी एक खास जगह बना जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म थी 'लक्ष्य', जिसका निर्देशन फरहान अख्तर ने किया था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी, जिसके चलते फरहान डिप्रेशन में चले गए थे।



### डेढ़ साल बाद डिप्रेशन से उबरे फरहान

फरहान कहते हैं, 'लक्ष्य बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली तो मेरा दिल टूट गया। मैंने इसे बनाने में बहुत मेहनत की थी, जितनी आज तक कभी किसी के लिए नहीं की। बचपन से सुनते आ रहे हैं कि दिल से मेहनत करोगो तो फल जरूर मिलेगा। 'दिल चाहता है' के लिए कुछ नहीं किया, वो हिट हो गई। ऐसा हुआ कैसे , यही सोचकर मुझे डिप्रेशन हो गया। थेरेपी की मदद से करीब डेढ़ साल बाद मैं इससे उबर पाया।'

### फिल्म ने किया कई पीढ़ियों को प्रेरित

'लक्ष्य' भले ही बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन समय के साथ इसकी कहानी ने अनगिनत सपनों का जगाया और कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। इसने एक कल्ट क्लासिक का दर्जा हासिल किया। समय के साथ यह टीवी और OTT पर लोकप्रिय हो गई। फिल्म में ऋतिक रोशन के प्रदर्शन को उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया गया। इस साल 20 साल पूरे होने पर फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज की गई।

### आमिर ने ठुकरा दी थी फिल्म

बता दें कि इस फिल्म के लिए ऋतिक पहली पसंद नहीं थे। फरहान चाहते थे कि आमिर खान इसमें मुख्य भूमिका निभाएं और उन्होंने आमिर से संपर्क भी किया था, लेकिन उन्होंने फिल्म ठुकरा दी थी। वजह सामने आई कि आमिर उस समय फिल्म 'मंगल पांडे' की शूटिंग कर रहे थे।

### शूटिंग

फरहान के लिए आसान नहीं थी फिल्म की शूटिंग इस फिल्म में ऋतिक के अलावा प्रीति जिंटा और अमिताभ बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसमें करण शेरगिल की कहानी दिखाई गई है, जो दिल्ली के एक धनी व्यापारी का बेटा है। वह एक आलसी और बिना लक्ष्य वाला युवक है।

# अर्जुन रामपाल का एक्स अकाउंट हुआ हैक

*अभिनेता अर्जुन रामपाल पिछले कुछ दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने यह खुलासा किया था कि पूर्व पत्नी मेहर जेसिया से तलाक लेना उनके लिए कितना मुश्किल था। अर्जुन ने शादी टूटने के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया था। अब एक बार फिर अर्जुन चर्चा में हैं।*

इस बार उन्हें चर्चा में लेकर आया है उनका एक्स अकाउंट, जो हैक हो गया है। अभिनेता ने खुद यह जानकारी दी है। अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक्स के हैक होने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'ये अच्छी खबर नहीं हैं, मेरा एक्स अकाउंट हैक हो गया है। मैं आप सबसे निवेदन करता हूं कि किसी भी प्रकार के मैसेज और ट्वीट का जवाब न दें।' अर्जुन ने इससे पहले 9 अगस्त को अपना आखिरी ट्वीट फील्ड एथलीट नीरज चोपड़ा को लेकर किया था, जिसमें उन्होंने नीरज को पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीतने को लेकर बधाई दी थी। वैसे आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया अकाउंट हैक करना कोई नई बात नहीं है। अर्जुन से पहले कई बॉलीवुड सितारों के अकाउंट हैक हो चुके हैं।



## न्यूज़ ब्रीफ

### जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं को बताया नकली राष्ट्रभक्त

**अहमदाबाद।** गुजरात में भाजपा के तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करने के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। जेपी नड्डा ने कहा कि यह नकली राष्ट्रभक्ति दिखाने वाले लोग, राजनीति के चश्मे से देश को देखने वाले लोग और अपनी राजनीति के लिए समाज को बांटने वाले लोग जान लें कि भारत की युवा और यहां की जनता झूठ और सच को दूध और पानी की तरह अलग करेंगे और इन्हें सच बताएंगे। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेसियों को सिर्फ एक ही परिवार दिखाई देता है। वहीं राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि संकीर्ण मानसिकता वाले लोग भारत जोड़ो यात्रा के जरिए इंडिया को जोड़ रहे हैं, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि इसी गुजरात की मिट्टी में जन्मे 'लौहपुरुष' सरदार पटेल ने आजादी के 2 साल के अंदर इन 562 रियासतों को जोड़कर एक महान भारत की रचना की थी।

### J&K एलजी मनोज सिन्हा ने रियासी आतंकी हमले के शहीद की पत्नी को नौकरी दी

**कश्मीर।** J&K के एलजी मनोज सिन्हा ने शनिवार को रियासी आतंकी हमले के शहीद की पत्नी को नौकरी दी। शहीद बस ड्राइवर विजय कुमार की पत्नी रेनू वर्मा को राजभवन में नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान एलजी सिन्हा ने हमले की निंदा की और कहा कि जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल, 9 जून को जम्मू-कश्मीर में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर 2 आतंकियों ने गोलीबारी की। ड्राइवर को गोली लगने पर 53 सीटर बस खाई में गिर गई। घटना में 9 लोगों की मौत हुई और 41 लोग घायल हुए थे।

### भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर खेत में मिला पाकिस्तानी ड्रोन

**श्रीगंगानगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को राजस्थान के अनूपगढ़ जिले से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा की विजेता पोस्ट पर ड्रोन मिला है। इसके साथ तीन किलो हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गई है। ड्रोन मिलने के बाद बीएसएफ ने पुलिस के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि अनूपगढ़ के गांव 30 एपीडी के पास कालूराम नायक के खेत में ड्रोन मिला। किसान ने शनिवार की भोर में 4.15 बजे खेत में ड्रोन देखकर सूचना दी थी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और खेत से पाकिस्तानी ड्रोन के साथ पीले रंग के पैकेट में बंधी तीन किलो हेरोइन बरामद की। पाकिस्तान से ड्रोन को हेरोइन की खेप के साथ भारत में तस्करी के लिए भेजा गया था लेकिन टेक्निकल फॉल्ट या बैटरी डिस्चार्ज होने के कारण ड्रोन सीमा के पास खेत में गिर गया। इससे तस्करी की योजना विफल हो गई।

# कोलकाता के हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म, फिर हत्या




## रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने सरकार को दी चेतावनी

### सीएम ममता बनर्जी ने दोषी के लिए मांगी मौत की सजा

एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता के सरकारी हॉस्पिटल (आरजी कर मेडिकल कॉलेज) में शुक्रवार (9 अगस्त) को पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर की डेड बॉडी मिली। शुरुआती जांच में पता चला है कि रेप के बाद डॉक्टर की हत्या की गई है। ट्रेनी डॉक्टर का अर्धनग्न शव हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल के अंदर मिला। कोलकाता पुलिस के अनुसार, डॉक्टर के आंख, मुंह और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था। उसके पेट, बाएं पैर, गर्दन, दाहिने हाथ, रिंग फिंगर और होठों पर भी चोटें थीं। गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई थी। ऐसा लगता है कि रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की गई है। सुसाइड की कोई आशंका नहीं है।

### PG सेकेंड ईयर की स्टूडेंट थी ट्रेनी डॉक्टर

31 साल की ट्रेनी डॉक्टर चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट में PG सेकेंड ईयर की स्टूडेंट थी। घटना 8-9 अगस्त की रात की है। घटना के बाद मेडिकल स्टूडेंट्स, भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों ने अस्पताल के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने CBI जांच की मांग की है।

### सीएम ने दोषी के लिए की फांसी की सजा की मांग



इस हत्याकांड की तुलना दिल्ली निर्भया मामले से की जा रही है। यही वजह है कि इस हत्याकांड को लेकर पूरे कोलकाता और पश्चिम बंगाल में गुस्सा है। कोलकाता में डॉक्टर और नर्सें सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अब सीएम ममता बनर्जी ने भी कह दिया है कि वह इस मामले में दोषी के लिए ऐसी सजा चाहती हैं, जो मिसाल बने। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहती हैं कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक हो और दोषी को मौत की सजा मिलनी चाहिए।

### भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग

महिला डॉक्टर की हत्या का मामला अब राजनीतिक रंग भी ले चुका है। भाजपा ने इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया और घटना की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने छात्र संगठनों से राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की भी अपील की। भाजपा नेता ने मामले की जांच के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन करने के राज्य सरकार के फैसले की भी आलोचना की। दरअसल, इस जांच समिति में प्रशिक्षु भी शामिल हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर इस मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया है। वहीं मृतक डॉक्टर के पिता ने आरोप लगाया कि इस मामले में सच्चाई को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

### FORDA ने दी चेतावनी

फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (FORDA) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखा है। इस पत्र में सरकार को कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज हत्याकांड को लेकर चेतावनी दी गई है। इसमें कहा गया है कि अगर अगले 24 घंटे में कार्रवाई नहीं की गई तो वे सेवाएं बंद कर देंगे।

# पीएम मोदी बढ़िया उपज देने वाली फसलों की 109 किस्में करेंगे लॉन्च

### किसानों से भी करेंगे बातचीत



एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली में पीएम मोदी कल भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त फसलों की किस्में जारी करेंगे। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी इस दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 किस्में जारी करेंगे। पीएमओ की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि इस दौरान जारी की जाने वाली 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं।

### 34 खेत और 27 बागवानी की फसलें



पीएम मोदी की तरफ से जारी की जानें वाली फसलों की किस्मों में खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों समेत कई अनाज के बीज जारी किए जाएंगे। जबकि बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की कई किस्में जारी की जाएंगी।

### किसानों की अच्छी आय सुनिश्चित होगी- पीएम

पीएमओ की ओर से जारी बयान के अनुसार पीएम मोदी ने हमेशा से टिकाऊ खेती और जलवायु अनुकूल पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। पीएम मोदी ने भारत को कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी जैसे कई सरकारी कार्यक्रमों के साथ जोड़कर फसलों की जैव-सशक्त किस्मों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है।

# वायनाड लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों में पहुंचे पीएम मोदी

### हवाई सर्वे किया, पीड़ितों से मिले

एजेंसी | वायनाड



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों के दौरे पर हैं। वे सुबह 11 बजे स्पेशल विमान से कन्नूर एयरपोर्ट पहुंचे। कन्नूर से मोदी सुबह 11:15 बजे भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से वायनाड गए। उन्होंने रास्ते में लैंडस्लाइड प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम गांवों का हवाई सर्वेक्षण किया। मोदी ने वो जगह देखी, जहां से 30 जुलाई की रात तबाही शुरू हुई थी। इसी जगह से इरुवाझिनजी पुझा नदी भी शुरू होती है। मोदी का हेलीकॉप्टर वायनाड स्थित कलपेट्टा में उतरा। वे सबसे पहले जी.वी.एच.एस. स्कूल वेल्लारमाला गए। इस स्कूल में 582 छात्र थे, जिनमें से 27 लैंडस्लाइड के बाद लापता हैं।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर संधू हुआ गिरफ्तार

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब पुलिस ने विदेशों में रहकर भारत में ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले सरगना सिमरनजोत संधू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया तस्कर कई देशों में वांछित था। पंजाब पुलिस के आईजी (मुख्यालय) सुखचैन सिंह ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि मोगा पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में सिमरनजोत संधू को गिरफ्तार किया है। वह बटाला के पास गांव गोखूवाल का रहने वाला है। मोगा पुलिस के पास एक एफआईआर दर्ज थी। इसमें यूएसए में बैठे मनदीप सिंह का नाम सामने आया था।

### 2002 में जर्मनी चला गया था आरोपी

जांच में सामने आया कि आरोपित के माता-पिता 1988 में जर्मनी चले गए थे। वर्ष 2002 में ये भी जर्मनी चला गया। वहां उसने टैक्सी चलाना शुरू किया। इसके बाद वह नशे की डिलीवरी करने लगा और उसके बाद अपना नेटवर्क तैयार किया। जर्मनी में उसके खिलाफ 487 किलोग्राम कोकीन तस्करी का मामला भी दर्ज है, जो 2020 में इसके खिलाफ दर्ज किया गया।

# एससी/एसटी रिजर्वेशन में लागू नहीं होगा क्रीमी लेयर

### केंद्र सरकार का फैसला

एजेंसी | नई दिल्ली

अनुसूचित जाति और जनजातियों (SC/ST) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (9 अगस्त) को संसद भवन में उनसे मिलने आए 100 दलित सांसदों को यह आश्वासन दिया। देर शाम केंद्र ने इसकी घोषणा भी कर दी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने 1

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- सरकार को विचार करना चाहिए




अगस्त को यह टिप्पणी की थी कि SC-ST में भी क्रीमी लेयर लागू करने पर विचार करना चाहिए। इसे लेकर दलित सांसदों ने PM से मिलकर अपनी चिंता जताई थी। 9 अगस्त की शाम में कैबिनेट मीटिंग हुई। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि NDA सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। भाजपा के ओडिशा से लोकसभा सांसद रबींद्र नारायण बेहरा ने बताया, सभी सांसदों ने एक स्वर से PM से मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लागू मत करिए। इस पर पीएम ने आश्वस्त किया है कि SC-ST आरक्षण में क्रीमी लेयर को नहीं लाया जाएगा।

# डीआरडीओ ने विकसित की हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए सबसे हल्के फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल वाली बुलेट प्रूफ जैकेट (बीपीजे) विकसित की है। इसके लिए नई सामग्री के साथ-साथ नई प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि बीपीजे को डीआरडीओ परियोजना के तहत विकसित किया गया है।

### जैकेट का वजन लगभग 10.1 किलोग्राम



यह स्तर 6 का सबसे हल्का बीपीजे है। इस जैकेट का वजन लगभग 10.1 किलोग्राम है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि देशभर में लगभग 18 लाख एकड़ रक्षा भूमि में से लगभग 10,354 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण है। उन्होंने रक्षा भूमि पर अतिक्रमण का राज्यवार ब्यौरा साझा किया।

# जोर पकड़ने लगी उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग



एजेंसी | चेन्नई

द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को स्वीकार किया कि पार्टी के भीतर उनके बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने के लिए आवाज तेज हो गई है, लेकिन संकेत दिया कि इसके लिए अभी उचित समय नहीं आया है।

### एमके स्टालिन से पत्रकारों ने पूछे सवाल



यहां अपने आधिकारिक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत के दौरान स्टालिन से जब पूछा गया कि पार्टी के भीतर एक वर्ग से उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग जोर पकड़ रही है और क्या वह इस पर विचार करेंगे, उन्होंने कहा कि यह मांग जोर पकड़ रही है लेकिन अभी इस पर अमल का वक्त नहीं आया है। मुख्यमंत्री यह संकेत देते दिखे कि उदयनिधि को आगे बढ़ाने का सही समय अभी नहीं आया है। कुछ समय से पार्टी में यह उम्मीद जताई जा रही है कि उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उदयनिधि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री होने के अलावा विशेष कार्यक्रम कार्यान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विभाग का भी कार्यभार संभालते हैं। वह चेन्नई मेट्रो रेल चरण-2 जैसी प्रमुख परियोजनाओं के निरीक्षण और कार्यान्वयन की समीक्षा करते हैं।

# शराब घोटाले में अब के कविता को सुप्रीम कोर्ट से उम्मीदें

### सोमवार को जमानत याचिका पर सुनवाई

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अब बीआरएस नेता के. कविता ने सुप्रीम कोर्ट से राहत की उम्मीद लगाई है। सुप्रीम कोर्ट के. कविता की जमानत याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई करेगा। के. कविता ने जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक जुलाई को दोनों मामलों में के. कविता की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इस दौरान अदालत ने कहा था कि बीआरएस नेता के. कविता दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (अब रद्द कर दी गई) को बनाने और उसे लागू करने से संबंधित आपराधिक साजिश में प्रथम दृष्टया मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई 12 अगस्त की वाद सूची के मुताबिक, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। हाईकोर्ट ने के. कविता की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि फिलहाल नियमित जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता क्योंकि जांच महत्वपूर्ण चरण में है।

# मंकीपॉक्स ने बढ़ाई डबल्यूएचओ की चिंता

### डबल्यूएचओ ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंग, घोषित हो सकती है वैश्विक बीमारी

एजेंसी | नई दिल्ली

अफ्रीकी देशों कांगो, केन्या, रवांडा और युगांडा समेत दस देशों में इन दिनों मंकीपॉक्स (Mpox) वायरस का कहर देखने को मिल रहा है। एमपॉक्स के मामलों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन इमरजेंसी बैठक बुलाई। संगठन को डर है कि यह वायरस सभी अफ्रीकी देशों और दुनिया के अन्य देशों में भी फैल सकता है। बता दें कि कांगो में पिछले साल सितंबर से ही मंकीपॉक्स के मामलों में तेजी देखी जा रही है। इसकी वजह से कांगो के पड़ोसी देशों में नया स्ट्रेन भी पाया गया है, जिसने WHO की चिंता को बढ़ा दिया कि कहीं यह बीमारी दुनिया में स्वास्थ्य जोखिम ना पैदा कर दे। जैसे-जैसे वायरस अफ्रीकी देशों में फैल रहा है वैसे-वैसे भारत में भी लोगों की चिंताएं बढ़ रही हैं। ऐसे में मंकीपॉक्स वायरस क्या है इसको समझना जरूरी है। आईए वायरस से सावधान रहने के लिए कुछ बातों को जानते हैं।

### क्या है एमपॉक्स?



एमपोक्स मंकीपॉक्स वायरस की वजह से होता है। यह एक संक्रामक बिमारी है, जो संक्रमित व्यक्ति या जानवर के संपर्क में आने से होता है। मंकीपॉक्स का संबंध ऑर्थोपॉक्सवायरस परिवार से है, जो चेचक की तरह दिखाई देता है। इसमें वैरियोला वायरस भी शामिल है। मंकीपॉक्स होने पर इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और सूजे हुए लिम्फ नोड्स होते हैं। इसके बाद एक दाना होता है जो आमतौर पर चेहरे से शुरू होता है और पूरे शरीर में फैलता है। दाने धब्बों से विकसित होकर फुंसियों में बदल जाते हैं, जो आखिर में पपड़ी बन जाते हैं। लक्षण आम तौर पर 2-4 सप्ताह तक रहते हैं

# 'हमें भारत आने दो'

## पानी में खड़े होकर बीएसएफ से मिन्नतें कर रहे हजारों बांग्लादेशी हिंदू



### 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे लोग

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि भारत में प्रवेश करने की कोशिश करने वालों का यह सबसे बड़ ग्रुप है। कूचबिहार के काशियार बरुनी इलाके के पठानटुली गांव में सीमा पार करने की कोशिश कर रहे लोगों में इतनी हताशा थी कि वे बाड़ के पार जलाशय में घंटों इंतजार करते रहे। कुछ लोग 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे थे।

एजेंसी | नई दिल्ली

बांग्लादेश में भले ही नई सरकार बन गई है, लेकिन वहां हिंसा अभी भी जारी है। प्रदर्शनकारी, अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। बांग्लादेश से कई हिंदू परिवार अपने घर छोड़कर भारत आना चाहते हैं। हजारों की तादाद में हिंदू समुदाय के लोग भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूद हैं। कूचबिहार के सितालकुची में करीब 1000 बांग्लादेशी जलाशय में खड़े होकर बीएसएफ से अनुरोध कर रहे हैं कि उन्हें भारत में प्रवेश की इजाजत दी जाए।

### सीमा की सुरक्षा के लिए समिति का गठन

बता दें कि सीमा पर नजर रखने की खातिर सरकार ने एक समिति का गठन किया है। सीमा सुरक्षा बल के पूर्वी कमान के एडीजी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल ने सतर्कता बढ़ा दी है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं ने भारत सरकार की चिंता बढ़ा दी है।

### अलर्ट पर बीएसएफ

बीएसएफ कर्मियों ने इन लोगों को सीमा के जीरो पॉइंट (नो मैन्स लैंड) से 150 गज की दूरी पर बाड़ पार करने से रोक दिया। बीएसएफ जवानों की कई बार की गई अपील के बावजूद ये लोग बांग्लादेश के रंगपुर जिले के दोई खावा और गेंदुगुरी गांवों में अपने घरों को लौटने के लिए तैयार नहीं थे।

# दिव्यांग अभियान दल ने अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में एक अभियान दल ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर एक विशाल राष्ट्रीय ध्वज फहराया। 78वें स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले 7,800 वर्ग फीट के तिरंगे को किलिमंजारो की उहुरू चोटी फहराया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।



### 7,800 वर्ग फीट का तिरंगा फहराया

मंत्रालय ने कहा, इसका मकसद दिव्यांगजनों की भावी पीढ़ियों और अन्य वंचित युवाओं को अपने सपने पूरे करने के लिए प्रेरित करना है, चाहे वे कितने भी बड़े संकट में क्यों न हों। 78वें स्वतंत्रता दिवस से पहले रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई) के दिव्यांगजन अभियान दल ने किलिमंजारो की उहुरू चोटी के ऊपर 7,800 वर्ग फीट का भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया।